
हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 5 मार्च 2025

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव



## खबर संक्षेप

### बजट का स्वागत और आलोचना भी



**सड़क अतरिया।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा सोमवार को 1 लाख 65 हजार करोड़ का बजट विधानसभा में पेश किया गया है जिसकी जमकर प्रशंसा हो रही है। राजनांदगांव में प्रयास नालंदा परिसर, खैरागढ़ फोरलेन सहित अन्य का प्रस्ताव बजट में किया गया है। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि यह बजट मजदूर, छात्र, किसान एवं मध्यम वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए राजनांदगांव में प्रयास नालंदा परिसर की स्थापना से शिक्षा का स्तर उठेगा। यह बजट मजदूर, छोटे किसान तथा मध्यम वर्ग की आर्थिक स्थिति को मजबुत कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### उत्पादकता बढ़ाने में सहायक



जिला पंचायत सदस्य ललित चोपडा ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि के संतुलित विकास के उद्देश्य से बजट बनाया गया है। किसान उन्नति योजना के तहत 10 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। दलहन तिलहन फसलों को प्रोत्साहन तथा खाद की पर्याप्त उपलब्धता से किसान की आय दोगुनी होगी। बजट में लघु उद्योग को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव है।

### सपना साकार करने वाला बजट



भाजपा नेता खम्हन ताम्रकार ने कहा यह बजट गरीब, मजदूर और किसान का सपना साकार करने वाला है। बजट में 85 करोड़ आवास योजना तथा आयुष्मान योजना के लिए 1500 करोड़ का प्रावधान किया गया है जो गरीब मध्यम वर्ग के लिए काफी राहत देने वाला है। मध्यम वर्ग पर जो अतिरिक्त भार पड़ रहा था उससे मुक्ति मिलेगी।

### निराशाजनक बजट



ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुईखदान के अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने बजट को निराशा जनक बताया है। उन्होंने कहा कि मंहगाई और बेरोजगारी दूर करने के लिए बजट में कुछ नहीं है। बेरोजगार, मजदूर, भूमिहिन, छोटे कृषक के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। राजनांदगांव से खैरागढ़ तक फोरलेन सड़क बनाने प्रस्ताव पक्षपात पूर्ण है इसे कवर्धा तक जोड़ा जाना चाहिए था।

### छलने वाला बजट



जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि विजय वर्मा ने कहा कि यह लोगों को छलने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल की कीमत में एक रूपये कम करने से लोगों की आर्थिक स्थिति बेहतर नहीं होगी। गरीब, मजदूर, किसानों के लिए बजट में कुछ नहीं है। बढ़ती मंहगाई में लगाम लगाने के बजाए बजट को लुभावना दिखाकर लोगों को छला जा रहा है।

### बजट में मातृशक्ति का वंदन



जनपद सदस्य ज्योति जंघेल ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना के लिए 55 सौ करोड़ रूपये का प्रावधान कर मातृ शक्ति का वंदन किया गया है। वहीं आयुष्मान योजना के लिए किया गया प्रावधान भी गरीबों का बड़ा सहारा बनेगा। भूमिहीनों के लिए 600 करोड़ का प्रावधान गरीबों को मजूबूती देगा।

### सुनहरे भविष्य का बजट



**डोंगरगढ़।** विष्णुदेव सरकार के दूसरे बजट को सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने महिलाओं के उत्थान, सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार के अवसर, ग्रामीण विकास की प्रतिबद्धता दिखाने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि को आधुनिक बनाने, नए उद्योगों के लिए स्टार्टअप योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, पर्यटन, सामाजिक कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जनजातीय विकास, खेलो को प्रोत्साहन देने का प्रावधान किया गया है।

### सभी का रखा ध्यान



भाजपा के मीडिया प्रभारी विजेन्द्रसिंह ठाकुर ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सभी वर्गों को ध्यान में रख कर बजट पेश किया है जो छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। बजट में डोंगरगढ़ में परिक्रमा पथ निर्माण एवं वाइसेफ ओवर ब्रिज के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने प्रावधान के लिए मुख्यमंत्री श्री साय, वित्त मंत्री श्री चौधरी, प्रभारी मंत्री विजय शर्मा एवं सांसद संतोष पांडे का आभार जताया है।

### वादा किया पूरा



भाजपा नेता हरविंदर मंगे ने कहा है कि भाजपा ने विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में विकास का जो वादा किया था उसके अनुरूप विकास को एक नया आयाम देने का प्रावधान बजट में किया गया है। छत्तीसगढ़ के साथ डोंगरगढ़ की मांग के अनुरूप कार्यों की स्वीकृति बजट में दी गई है।

### विकास को मिलेगी गति



पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने कहा कि यह बजट प्रदेश सरकार की पारदर्षिता को प्रदर्शित करता है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, विकसित छग की परिकल्पना और किए गए विकास के वादो की परिकल्पना को साकार करने वाला बजट है।

### डीए की सौगात से कुछ खुशी कुछ गम



छत्तीसगढ़ टीचर्स संगठन ने बजट में कर्मचारियों को महंगाई भत्ता की किस्त 3 प्रतिशत माह फरवरी के वेतन में जोड़ कर देने की घोषणा का स्वागत किया है। कर्मचारियों को विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने का वादा किया गया था।प्रदेश में सरकार बनने के बाद कर्मचारियों को कभी भी केंद्र के समान महंगाई भत्ता नहीं दिया गया। वर्तमान घोषणा से कर्मचारियों को निराशा हाथ लगी है। 3 प्रतिशत जुलाई 2024 से मिलना था। कर्मचारियों को लगभग 15 से 20 हजार का नुकसान उठाना पड़ा है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने सरकार से महंगाई भत्ते की एरियर्स का भुगतान करने के लिए सहनुभूति दिखाने की मांग किया है।

### बिरेन्द्र बने संघ के अध्यक्ष

**बांधाबाजार।** चिल्हाटी क्षेत्र में प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति चिल्हाटी में 28 फरवरी को ब्लॉक के फंड़ मुंशियों की बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। कार्यकारिणी में अध्यक्ष बिरेंद्र कचलामे, उपाध्यक्ष कसनलाल भुआर्य, सचिव सदाराम सोरी, कोषाध्यक्ष पीलाराम साहू, संरक्षक रमेश कुमार कलामे, सहसचिव जितेन्द्र कुमार चुने गए हैं। सदस्य वाईक राम, चिंताराम मंडावी आदि हैं। यह जानकारी बिरेंद्र कचलामे ने दी।

## गहमा-गहमी के बीच जनपद पंचायतों का चुनाव संपन्न

# डोंगरगांव-छुईखदान जनपद में खिला कमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का एक और चरण मंगलवार को पूरा हो गया। स्थानीय जनपद पंचायत के नव निर्वाचित सदस्यों ने हरिभूमि की खबर पर मुहर लगते हुए अध्यक्ष रंजीता पडोती और उपाध्यक्ष मनीष साहू को ही बनाया।

जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया मंगलवार को संपन्न हुई। अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से रंजीता पडोती और कांग्रेस से अनिता पंचारी ने नाम निर्देशन दाखिल किया। समीक्षा के बाद जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी के नेतृत्व में सभी सदस्य मतदान करने जनपद परिसर पहुंचे। वहीं कांग्रेस की अनिता पंचारी ने पर्चा दाखिल किया।

### होते रही पिटाई, देखते रही पुलिस

जनपद पंचायत के बाहर सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए बेरीकेटस के पास भारी जमावड़ा होने और कांग्रेस के लोगों के गेट में खड़े होने के कारण विवाद के हालात बन गए थे। इस दौरान दो से तीन बार मारपीट की घटना भी हुई। सुरक्षा में लगे पुलिस के जवान मारपीट होने के बाद भी रोकने के बलाज किनारे खड़े नजर आए। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, रामकुमार गुप्ता, प्रफुल्ल जैन राजा, रोहित गुप्ता, संतोष यादव, धनराज ठाकुर, जितेन्द्र सिन्हा, विजय जैन, दिव्यांश जैन, नारायण साहू सहित अन्य मौजूद थे। वहीं कांग्रेस की ओर से रमेश डाकलिया, चेतन साहू, बलिराम साहू, गणेश साहू, टिकेश साहू, सुयश नाहटा, प्रियंक जैन, महेन्द्र वैष्णव, संजय संचेती, रजत साहू, रौशन यदु, नरेश शुक्ला आदि डटे थे।



रंजिता बनेगी जनपद अध्यक्ष

डोंगरगांव। पंचायत चुनाव के परिणाम आने के बाद जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की अटकलें शुरू हो गई है। स्थानीय जनपद पंचायत में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने के साथ यह तय हो गया है कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भाजपा के सदस्य ही बनेंगे। कोकपुर क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य

■ उपाध्यक्ष के लिए मनीष के नाम की चर्चा

भाजपा को पूर्ण बहुमत

जानकारी के अनुसार स्थानीय जनपद पंचायत में भाजपा के एक दर्जन सदस्य निर्वाचित हुए है। वहीं कांग्रेस के खाते में सात सीटें आई है। एक सदस्य बसपा से जुड़ा रहा है जिसका रूख अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। यहां यह बताना जरूरी है कि जनपद अध्यक्ष का पद अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित हुआ है। भाजपा से इस वर्ग की एक मात्र रंजीता पटोती निर्वाचित हुई है। कोई अन्य विकल्प नहीं होने के कारण उनका अध्यक्ष बनना तय है। उपाध्यक्ष पद को लेकर खींचतान हो सकती थी किन्तु अन्य सदस्यों के

### हरिभूमि की खबर पर लगी मुहर

जनपद अध्यक्ष के लिए हुए चुनाव में भाजपा की रंजीता पडोती ने 12 मत हासिल कर जीत दर्ज किया। वहीं कांग्रेस की अनिता पंचारी को 8 मत मिले।

इसी तरह उपाध्यक्ष के लिए दूसरी बार निर्वाचित मनीष साहू और कांग्रेस से रेशम साहू ने पर्चा दाखिल किया। मतदान मे निर्वाचित श्री साहू को 12 मत मिले। उन्होंने अपने निकततम प्रतिद्वंन्दी को 4 मत से परास्त किया। इसी के साथ नव निर्वाचित जनपद सदस्यों ने हरिभूमि की खबर पर अपनी मुहर लगाया। उल्लेखनीय है कि गत 27 फ्ररवरी को हरिभूमि ने रंजीता पड़ोती के अध्यक्ष और मनीष साहू के उपाध्यक्ष बनने की खबर प्रकाशित किया था जो शत प्रतिशत खरी उतरी।

## भाजपा की पुष्पा वर्मा बनी अध्यक्ष





**छुईखदान।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत मंगलवार को जनपद पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। मतदान में नवनिर्वाचित 25 सदस्यों ने हिस्सा लिया।

अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी पुष्पा वर्मा को 16 वोट मिले। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी नीना विनोद ताम्रकार के पक्ष में 7 वोट पड़े। दो वोट निरस्त हुए।

भाजपा की पुष्पा वर्मा जनपद पंचायत की नई अध्यक्ष चुनी गई है। उपाध्यक्ष के लिए चुनाव में भाजपा के राजूराम लोधी ने 17 मत हासिल कर कांग्रेस के रमेश साहू को पराजित किया। श्री साहू को 7 मत मिले। एक वोट निरस्त हुआ।

### गहमा-गहमी के बीच चुनाव

भाजपा के सदस्यों की संख्या शुरू से 16 थी। अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती वर्मा को 16 ही मत प्राप्त हुए। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी नीना विनोद ताम्रकार को 9 वोटों के अंतर से परास्त किया। वोटिंग के पहले दोनों पार्टी के नेता दल बल के साथ नजर आए, जिससे गहमा गहमी का माहौल रहा। भाजपा के जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष अयाशसिंह बोनी, प्रेमनारायण चंद्राकर, राकेश ठाकुर, अनिल अग्रवाल, राजेश मेहता, प्रकाश जंघेल, खेलन जंघेल, धनऊराम जंघेल, भीखू हिरवानी, लीलाराम साहू वही कांग्रेस से जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, नीलांबर वर्मा, भीखम छाजेड़, रामकुमार पटेल, मन्नू चंदेल सहित अन्य सक्रिय थे।

### किसके वोट निरस्त ?

नतीजे आने के बाद चर्चा का केंद्र बिंदु का विषय यह रहा कि आख़िर 2 वोट किसके है जो निरस्त हुए। सूत्रों के अनुसार अध्यक्ष-उपाध्यक्ष प्रत्याशी चयन के समय कुछ विवाद हुआ था जिसकी परिणीत निरस्त के रूप में सामने आई। अध्यक्ष चुनाव के पहले कांग्रेस के पक्ष में 10 वोट पड़ने की चर्चा थी जो 7 में सिमट गई।

# अस्तित्व में आई गांव की सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



ब्लाक की 76 ग्राम पंचायतों में सोमवार को प्रथम सम्मिलन का आयोजन किया गया। नव निर्वाचित सरपंचों और पंचों में शपथ लेकर पंचायत की कमान संभाला। शपथ समारोह के दौरान गांवों में उत्साह का माहौल देखा गया है।

ब्लाक के प्रमुख ग्राम अर्जुनी में नवनिर्वाचित सरपंच ललिता टामेश्वर साहू सहित पार्वती सोनकर, ज्योति तिवारी, फातिमा बेगम, चन्द्रशेखर कौशिक, उमा तिवारी, ललिता टांडेकर, अर्जुन धनकर, भूषण, नागेश धनकर, केमिनबाई, बिसाहिन, टामेश्वरी, कांतिबाई, पूर्णिमाख दुर्गाराम निषाद, कमलेश सोनकर, भेदूराम, अगरदास, संत्रीबाई, डिलेश्वरी ने शपथ लिया। इस दौरान हिमकल्याणी साहू, द्रोपति साहू, फेरूराम, पूर्णकिशोर साहू, रामखिलावन, भैयालाल, जितेन्द्र तिवारी, चैनसिंग निषाद, लिखन, धनेश निषाद, निजाम, बालकृष्ण साहू, हीररालाल, टीकम देवांगन, दिनेश साहू, हुकुमचंद वैद, ठाकुरराम, जीवन, राधेलाल आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत ओड़ारबांध में सरपंच सुनीता साहू, तिलईरवार ने नंदिका कुंजाम, कोहका शरद वैष्णव, माळालडबरी मे मधु यदु, सुखरी में सुरेन्द्र गिर गोस्वामी, अमलीडीह में रौशन साहू, खुज्जी में अजय पंसारी, आरी में सोनम निषाद ने पंचों के

# विद्यालय के नए भवन का उद्घाटन

**मुसरा।** ग्राम मुसरा में मांटेसरी प्ले स्कूल के नए भवन का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि कौशल राम चंद्रवंशी थे। अध्यक्षता बसंत वर्मा ने की। कार्यक्रम में प्रदीप वर्मा संकुल समन्वयक मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत राज्य गीत से हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री चंद्रवंशी ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। मनुष्य को जीने के लिए पानी, भोजन सहित अन्य की जरूरत होती है इस प्रकार शिक्षा भी जीवन के लिए आवश्यक है। बसंत वर्मा ने कहा कि शिक्षा से बच्चों का विकास होता है। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर सरपंच गायत्री टेम्बुलकर, जनपद सदस्य सीमा साहू, कंवल निर्मलकर, जामिंद्र वर्मा, भागबली बंजारे, क्रांति निर्मलकर, लालचंद वर्मा, कमल नारायण धुर्वे, छगनलाल वर्मा, तोरण यादव, पुणेंद्र वर्मा, सोमनाथ ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।




# बेरोक-टोक चल रहा लाल ईंट का अवैध कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई क्षेत्र में लाल ईंट का अवैध कारोबार तेज़ी से फलफूल रहा है, जिससे पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। क्षेत्र में हर साल ईंट भट्टों की संख्या में वृद्धि हो रही है, जिससे वन संपदा, जल स्त्रोत और वायु गुणवत्ता पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। ईट भट्टों में ईंट बनाने के लिए बड़ी मात्रा में लकड़ी की आवश्यकता होती है जिसके लिए वन क्षेत्रों से बेशकीमती पेड़ों को काटा जा रहा है, जिससे वनों का तेजी से विनाश हो रहा है। पेड़ों की कटाई से वन्यजीवों का आवास नष्ट हो रहे हैं, साथ मिट्टी के कटाव और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्या पैदा हो रही है।



### गहरा रहा जल संकट

ईंट बनाने की प्रक्रिया में बड़ी मात्रा में पानी का उपयोग किया जाता है। क्षेत्र की नदी सहित अन्य जल स्त्रोतों से पानी का दोहन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में जल संकट गहरा रहा है। पानी के मनमाने दोहन से आने वाले समय में लोगों को पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं ईंट भट्टों से निकलने वाला धुआं वायु को दूषित कर रहा है। इस धुएं में हानिकारक गैसें और कण होते हैं, जो मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं। इससे सांस की बीमारियों और अन्य समस्या होने का खतरा है।

### भूक्षरण, तापमान में वृद्धि

ईंट भट्टों के कारण मिट्टी का कटाव हो रहा है, जिससे भूमि की उर्वरता कम हो रही है। इसके अलावा ईंट भट्टों से निकलने वाली गर्मी के कारण तापमान में भी वृद्धि हो रही है। कई ईंट भट्टे में अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा है जिससे बिजली कंपनी को लाखों का नुकसान हो रहा है।

### कार्रवाई नहीं

लोगों का आरोप है कि प्रशासन इस अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहा है। कुछ लोगों का मानना है कि स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत से यह कारोबार चल रहा है। स्थानीय लोगों और पर्यावरणविदों ने प्रशासन से इस अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर तत्काल कदम नहीं उठाए गए, तो क्षेत्र में पर्यावरण और संसाधनों का अपूरणीय विनाश होगा।

# सरपंचों ने शपथ लेकर संभाला पदभार




**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत अछोली में जनपद सीईओ आलोक सातपुते, छत्रपाल ठाकुर, प्रधानपाठक मोहनलाल साहू, ललित साहू, नीरज सिंह, ग्राम पटेल घनश्याम साहू, उपकार साहू, रिकोराज वर्मा, भारती साहू, कमलकिशोर साहू, अरेनदास साहू, योधन दास, अरविंद खोभा, भानुमति साहू, शांति बंजारे, रीता भादुड़ी, सुनीता बांसोड़ की उपस्थिति में निर्वाचित सरपंच नंदकुमार साहू ने शपथ ग्रहण किया।

भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। स्वागत के बाद जनपद सीईओ आलोक सतपुते ने सरपंच नंदकुमार साहू, पंच मूलचंद साहू, खेमचंद सहारे, सुप्रिया रानी गुप्ता, खिलेश्वरी साहू, मुन्नाराम यादव, ज्योति नेताम, पारख साहू, पुखराज साहू, सुनीता साहू, पूर्णिमा साहू, भंवरसिंह गोंड, सूर्य मानिकपुरी, भागचंद वर्मा, खुशबू साहू, ईश्वरी साहू, मोहनीश साहू, वंदना यूईके, जीना सांदेकर को शपथ दिलाया।

### कैलाश उके ने संभाला पदभार



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने के बाद पंच सरपंच ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। ग्राम पंचायत बोरतलाब में आयोजित शपथ समारोह के प्रारंभ में छत्तीसगढ़ महतारी, भगवान बिरसा मुंडा, डा. भीमराव अम्बेडकर, मां सरस्वती, सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा अर्चना किया गया। ग्राम पंचायत बोरतलाव के नव निर्वाचित सरपंच कैलाश उके ने पंच मधु साहू, मेनका यादव, राम कोर्राम, ज्योति झाडे, नम्रता लाउत्रे, प्रमिला बाई, पूर्णिमा नेताम, भरत तिवारी, कुमेश्वरी पडोती, विनोद साहू, पंकज सोरी, सेवनबाई मंडावी, दिनेश मंडावी, उर्वशी नेताम, देवेन्द्र सुलाखे, रीता कोवाची, लता सोरी, दीपक मंडावी, गणेश्वर मंडावी, शिव प्रसाद बल्हारे के साथ शपथ लिया। इस दौरान पंचायत सचिव रोहित चंद्रवंशी, माहेश्वरी लाउत्रे, वंदना चौरे, संगीता नेताम, केडी सिंह, शरद बागड़ी, जयसिंग, भुनेश्वर वर्मा, हितेश मंडावी उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, खैरागढ़**
**जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कविता खरे आ. भैयालाल निवासी शहर ग्राम पिपरिया प.ह.नं. 32 तहसील खैरागढ़, जिला-खैरागढ़, छुईखदान, गंडई (छ.ग.) पुत्र/पुत्री / माता / पिता/अन्य स्वयं कविता बाई पिता भैयालाल जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म दिनांक 16/03/1973 को स्थान पिपरिया पर होना बताया जाकर जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 12/03/2025 तक लिखित में स्वयं / अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 17/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 17/02/2025
सुनवाई दिनांक 12/03/2025

(मुहर) कार्यपालिक दण्डाधिकारी
खैरागढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगढ़**
**जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202502092100010 अ/6
वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका ज्योति मेश्राम पति लाल दास मेश्राम जाति महार निवासी गणेश वार्ड नंबर 10 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि नजूल शहर डोंगरगढ़ गणेश वार्ड नंबर 10 डोंगरगढ़ पटवारी हल्का नंबर 25 स्थित शीट क्रमांक 7 भूखण्ड़ क्रमांक 2130/5 क्षेत्रफल 900 वर्गफुट भूमि स्थित है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय के माध्यम से दिनांक 17/1/2025 को क्रय किया गया है। अतः क्रय की गई भूमि पर से अनावेदकगण का नाम विलोपित कर आवेदिका क्रेता का नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया है। प्रकरण पंजीबद्ध किया जावें।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 17/03/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 5 मार्च 2025



अंबागढ़ चौकी में निर्दलीय बना अध्यक्ष, भाजपा के शंकर तिवारी ने बगावत कर लड़ा उपाध्यक्ष चुनाव

# नांदगांव, छुईखदान, डोंगरगांव और खैरागढ़ जनपद में जीती भाजपा, अं.चौकी में बहुमत के बाद भी हारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अविभाजित जिले की पांच जनपद पंचायत में मंगलवार को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव कराया गया। सभी पांच जनपद में भाजपा के पास बहुमत था। ऐसे में माना जा रहा था कि सभी जगह भाजपा अपने अध्यक्ष-उपाध्यक्ष बना लेगी, लेकिन एमएमसी जिले के अंबागढ़ चौकी जनपद में बड़ा खेल हो गया। उपाध्यक्ष प्रत्याशी नहीं बनाए जाने से नाराज होकर शंकर तिवारी ने निर्दलीय का साथ दे दिया। जिसके चलते न केवल अध्यक्ष, बल्कि उपाध्यक्ष पद भी भाजपा को गंवाना पड़ा। निर्दलीय पुनउराम फूलकंवर अध्यक्ष बने। वहीं शंकर तिवारी ने उपाध्यक्ष का चुनाव जीत लिया। इस हार के बाद भाजपा संगठन के भी होश उड़ गए हैं।इधर राजनांदगांव जनपद में भाजपा की प्रतिमा चंद्राकर अध्यक्ष, अनिता सिन्हा उपाध्यक्ष बनी। डोंगरगांव जनपद में भाजपा की रंजीता पटौदी अध्यक्ष एवं मनीष साहू उपाध्यक्ष बने। छुईखदान जनपद में भाजपा की पुष्पा वर्मा अध्यक्ष, राजूराम लोधी उपाध्यक्ष बने। खैरागढ़ जनपद में भाजपा की राजेश्री शैलेंद्र त्रिपाठी अध्यक्ष एवं लखन साहू उपाध्यक्ष बने। शेष चार जनपद में भाजपा जीती।

### राजनांदगांव जनपद



अध्यक्ष — प्रतिमा चंद्राकर | उपाध्यक्ष — अनिता सिन्हा

### डोंगरगांव जनपद



अध्यक्ष — रंजीता पटौदी | उपाध्यक्ष — मनीष साहू

### अंबागढ़ चौकी जनपद



अध्यक्ष — पुनउराम फूलकंवर | उपाध्यक्ष — शंकर तिवारी

### छुईखदान जनपद



अध्यक्ष — पुष्पा वर्मा | उपाध्यक्ष — राजु राम लोधी

### खैरागढ़ जनपद



अध्यक्ष — राजेश्री त्रिपाठी | उपाध्यक्ष — लखन लाल साहू



## मतदान के लिए 30 मिनट

सभी पांच जनपद राजनांदगांव, डोंगरगांव, अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ और छुईखदान में भाजपा व कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी उतारे थे। ऐसे में जनपद पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए चुनाव कराया गया। नामांकन के बाद मतदान के लिए निर्वाचित सदस्यों को आधे घंटे का समय दिया गया था। मतपत्र के जरिये मतदान के बाद तत्काल मतगणना की गई। सभी जगह जनपद पंचायत के भवन में यह प्रक्रिया की गई।

## राजनांदगांव में क्रॉस वोटिंग

राजनांदगांव जनपद अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा से प्रतिमा चंद्राकर और कांग्रेस से मिलम साहू ने नामांकन दाखिल किया था। भाजपा प्रत्याशी प्रतिमा को 19 और कांग्रेस प्रत्याशी मिलम को 7 वोट मिले, दो सदस्य अनुपस्थित रहे। ज्ञात हो कि भाजपा के 16 ही सदस्य थे, ऐसे में तीन वोट क्रॉस हुए और भाजपा को मिले। वहीं उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा की अनिता सिन्हा को 18 मिले और कांग्रेस प्रत्याशी रोहित चंद्राकर को सात वोट मिले।

## युवा मोर्चा ने सम्हाले रहा मोर्चा

इधर क्रॉस वोटिंग की आशंका को देखते हुए भाजपा ने पहले ही अपनी पार्टी के युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को तैनात कर दिया था। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर के साथ करीब दो दर्जन युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने सभी जनपद सदस्य को घेरे रखा। ज्ञात हो कि भाजपा ने पहले ही अपने सभी जनपद सदस्यों को टूर पर भेज दिया था।

**आज डोंगरगढ़ और छुरिया में चुनाव :** इधर पांच जनपद पंचायत के बाद आज डोंगरगढ़ और छुरिया जनपद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। दोनों जनपद में भाजपा के पास बहुमत का आंकड़ा है। हालांकि कांग्रेस अपने प्रत्याशी जरूर उतारेगी। डोंगरगढ़ में ओबीसी महिला और छुरिया में महिला अनारक्षित वर्ग के लिए अध्यक्ष पद आरक्षित है।

## राजनांदगांव जिला

नांदगांव जनपद में 25 सदस्यों ने मतदान किया। इनमें अध्यक्ष पद पर भाजपा की प्रतिमा चंद्राकर को 19 और कांग्रेस की तुलसी साहू को 6 वोट मिले। उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा की अनिता सिन्हा को 18 और कांग्रेस के रोहित चंद्राकर को 7 वोट मिले। इसी तरह डोंगरगांव जनपद में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा की रंजीता पटौदी को 12 और कांग्रेस की अनिता पंचारी को 8 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा के मनीष साहू को 12 और कांग्रेस के भुनेश्वर साहू को 8 वोट मिले।

## एमएमसी जिला

अंबागढ़ चौकी जनपद में अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय पुनउराम फूलकंवर को 9 और भाजपा के शत्रुघन सुरेंद्र को 8 वोट मिले। उपाध्यक्ष के लिए बागी होकर चुनाव लड़ने वाले शंकर तिवारी को 10 और भाजपा के मुकुंद जनबंधु को 7 वोट मिले। यहां कुल 17 सदस्यों में भाजपा के 9 और कांग्रेस एवं अन्य को मिलाकर 8 थे। इसके बावजूद क्रॉस वोटिंग के सहारे नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुर गुट के निर्दलीय प्रत्याशी अध्यक्ष बनाने में कामयाब रहे।

## केसीजी जिला

खैरागढ़ जनपद में अध्यक्ष पद के लिए कुल 25 सदस्य ने वोट दिया। इनमें अध्यक्ष पद के लिए भाजपा की राजेश्री शैलेंद्र तिवारी को 16 और कांग्रेस की - वोट मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा के लखन साहू को 16 और कांग्रेस के छुईखदान जनपद में कुल 25 ने मतदान किया। इनमें अध्यक्ष पद के लिए भाजपा की पुष्पा वर्मा को 16 और कांग्रेस की नीना ताम्रकार को 7 वोट मिले। उपाध्यक्ष के लिए भाजपा के राजूराम लोधी को 17 और कांग्रेस के रमेश साहू को 7 वोट मिले।

## चाकू दिखाकर धमकाने वाले के साथ शराब बेचने वाला कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में जारी पुलिस अभियान के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें शराब की अवैध बिक्री करने वाले एक कोचिये के साथ ही चाकू दिखाकर धमकाने वाले आरोपी के खिलाफ बसंतपुर पुलिस ने कार्रवाई की है। इसके अलावा एक अन्य आरोपी को पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया है।

अवैध रूप से शराब बिक्री एवं आम स्थान पर चाकू लहराते हुए आम जनता का भयभीत करने वाले व्यक्ति व शांति भंग करने वाले के विरूद्ध कार्रवाई की गई। शहर के अलग-अलग स्थानो से आरोपी पकड़े गए। आरोपी पर आबकारी एक्ट एवं 01 आरोपी के विरूद्व आर्म्स एक्ट के तहत बसंतपुर पुलिस ने कार्रवाई की। अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी के कब्जे से 17 पौवा देशी शराब एवं आम स्थान पर चाकू लहराने वाले आरोपी के कब्जे से धारदार लोहे का चाकू बरामद किया। नंदई चौक में शांति भंग करने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपी पीताम्बर साहू पिता स्व. नैनदास साहू 30 साल निवासी राजीव नगर, जीतेश वैदेह उर्फ डैनी पिता जीवन वैदेह निवासी लालबाग के अलावा तामेश्वर उर्फ बबलू सोनकर पिता श्याम सोनकर 26

⏩ शेष पेज 14 पर

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
- ब्लड प्रेशर
- शुगर
- थायराइड
- बुखार
- खांसी
- छाती रोग
- पेट रोग
- किडनी
- लकवा
- माइग्रेन
- श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
- नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## सार समाचार

### बोर्ड परीक्षा आरंभ

**घुमका।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा प्रारंभ हो गई है। गत एक मार्च को 12 वीं के छात्रों ने हिंदी विषय का पेपर दिया। परीक्षा केंद्र घुमका में एक मार्च को कक्षा 12वीं के 135 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसी प्रकार 3 मार्च को कक्षा दसवीं की परीक्षा हिंदी विषय के पेपर के साथ प्रारंभ हुई। स्वामी आत्मानंद हिंदी अंग्रेजी मीडियम स्कूल में हाईस्कूल खैरा ब, हरडुवा के 199 में से 198 परीक्षार्थी परीक्षा मे सम्मिलित हुए। केंद्र अध्यक्ष हेमकांत शर्मा ने बताया पहले दिन 10 वीं की परीक्षा में एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। परीक्षा के पहले दिन ही जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे ने टीम के साथ यहां पहुंचे किन्तु नकल का प्रकरण नहीं मिला। व्याख्याता विवेक तिवारी ने बताया कि हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 24 मार्च तक चलेगी।

### फाग गायन स्पर्धा 8 से

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में जय मां शीतला फाग समिति एवं ग्राम वासियों के तत्वावधान में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय फाग महोत्सव का आयोजन आगामी 8 एवं 9 मार्च को किया गया है। प्रतियोगिता के झांकी वर्ग विजेताओं को क्रमशः 5001, 4001, 3001, 2001, 1001, रचना वर्ग में 3001, 2500, 2000, 1500, 1000 रुपए दिया जाएगा। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ गायन, वादन, अनुशासन, वेशभूषा पर विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 201 रूपए निर्धारित है। सभी मंडली को 1100 रूपए सदाबहार पुरस्कार दिया जाएगा।

### शपथ लेकर कार्यभार किया ग्रहण

**पटेवा।** ग्राम पंचायत इरईकला में सोमवार को सरपंच ललित साहू एवं



सभी पंचों ने प्रथम सम्मिलन में शपथ लेकर कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर पंच कैलाश रात्रे, लच्छन साहू, तेजकुमारी साहू, श्यामलाल साहू, मथुरा साहू, शशिबाई, लक्ष्मी साहू, सुखीराम साहू, द्रोपदी साहू, केमा बाई, दीपेश्वरी रात्रे, धर्मेन्द्र साहू ने शपथ ग्रहण किया। अंत में सचिव हेमराय वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सलोनी में नवनिर्वाचित सरपंच सौरभ कुमार साहू ने 18 पंचों के साथ शपथ लिया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को सचिव जगेश्वर धनकर एवं पर्यवेक्षक हिरेन्द्र कुमार वर्मा ने शपथ दिलाया। इस दौरान अमीषा वर्मा ने नवनिर्वाचित सरपंच को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत।

### प्रथम सम्मिलन आयोजित

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत चकनार में सोमवार को नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का प्रथम सम्मिलन आयोजित किया गया। पर्यवेक्षक एवं सचिव के समक्ष सरपंच वंदना पटेल, पंच डोगेन्द्र सोरी, पुनीताबाई, भैरवराम साहू, सुमित्रा साहू, जमुना टंडन, गौतमसिंह कुंजाम, खेमिनबाई लोधी, युवराज यादव, सुषमा निषाद, हेमिन जंघेल, रूपसिंह पटेल, राहुल जंघेल, अरविंद जंघेल, लताबाई जंघेल, यशोदाबाई, शानिया बेगम एवं अक्रोजा ने शपथ ग्रहण किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत घिरघोली में सरपंच रोहणी यादव, पंच दुधेराम धुर्वे, पंचराम जंघेल, उषा ठाकुर, नेहा धुर्वे, मानबाई जंघेल, योगेश्वरी मानिकपुरी, त्रिवेणी ठाकुर, हेमंत कुमार जंघेल, सुनीता साहू, परनिया धुर्वे, शिव प्रसाद निषाद, राजकुमारी निषाद, कलेन्द्री ठाकुर, भैय्यालाल महिलांगे, केराबाई कुर्रे, देवकी कोसरे, सुलेश्वरी टंडन एवं भारत सुर्यवंशी ने शपथ लेकर गांव का विकास करने का संकल्प लिया। कुकुरमुडा पंचायत में संतोष यदु, भरदा गोड़ में आरती धुर्वे, विचारपुर में शारदा कौशल, जंगलपुर घाट में अशोक साहू ने पंचों के साथ शपथ लिया।

### एलबी नगर में शपथ ग्रहण 10 को

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के नव निर्वाचित अध्यक्ष देवेन्द्र साहू एवं 15 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 10 मार्च को बहुउद्देषीय भवन में रखा गया है। सीएमओ वनीश दुबे ने यह जानकारी देते हुए नागरिकों से अधिक से अधिक उपस्थित होने की अपील की है।

### मेधावी छात्र सम्मान व वार्षिकोत्सव का आयोजन

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई में मेधावी छात्र सम्मान एवं



वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच नारायणी मंडावी थी। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच क्षत्री वर्मा, भुवनदास वर्मा, गिरधारी मंडावी, रामेश्वर वर्मा एवं हरनसिंघी सरपंच महेश्वरी यादव सम्मिलित हुई। इस मौके पर बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण पूरण पटेल, अध्यक्ष माखन लाल पटेल ने दिया। अंत में आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष सीता टंडन ने किया। पिछले सत्र में कक्षा में प्रथम आने तथा जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। संचालन प्रधानाचार्य एआर पटेल एवं सांस्कृतिक प्रमुख मंजू साहू ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में जागृति लाऊत्रे, प्रिया दुबे, पूजा ठाकरे, अनिता देशमुख, पूर्णिमा वर्मा एवं आचार्य चुरामन साहू, राजेंद्र का योगदान रहा।

### रंग-रंगीला फागुन महोत्सव 10 को

**राजनांदगांव।** श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा खाटू वाले श्याम प्रभु का रंग-



रंगीला फागुन महोत्सव आगामी 10 मार्च को श्रद्धा भक्ति के साथ धूमधाम से मनाए जाने व्यापक तैयारी की जा रही है। श्री हनुमान श्याम मंदिर में विराजित खाटू वाले श्याम प्रभु का अलौकिक दरबार सजाया जाएगा। साथ ही मंदिर परिसर की सजावट की जाएगी।

श्री श्याम भरोसे परिवार की ओर से राजेश शर्मा, शंकर सिंह कोठारी, संतोष बावरिया, बंसी अग्रवाल, अमित खंडेलवाल, योगेश लोहिया एवं प्रशांत अग्रवाल के अनुसार श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु का फागुन महोत्सव अनेक वर्षों से मनाया जा रहा है। इसके तहत 10 मार्च को रात्रि 08 बजे से भजन संध्या आयोजित है। भव्य भजन संध्या में अलवर (राजस्थान) के सुप्रसिद्ध श्याम सेवक कमल कान्हा अपनी सुमधुर वाणी से भजन रूपी अमृत गंगा प्रवाहित करेंगे। इस दौरान अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी।

## निधन



### अनुसुइया वर्मा

**राजनांदगांव।** स्थानीय प्रिंसेस प्लैटिनम न्यू खंडेलवाल कॉलोनी हाउस नंबर ए-9 ममता नगर के पास निवासी श्रीमती अनुसुइया वर्मा पति स्व. बेनीराम वर्मा (69 वर्ष) का आज सुबह निधन हो गया। दिवंगत श्रीमती वर्मा अपने दामाद एवं शहर के केमिस्ट्री शिक्षक बसंत वर्मा एवं बेटी शिक्षिका निशा वर्मा के पास रहती थी। आज सुबह 9.30 बजे अचानक हृदयाघात के चलते उनका निधन हो गया। शाम सामाजिक बंधुओं एवं परिजनों की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार लखोली मुक्तिधाम में कर दिया गया। उन्हें उनके भतीजे घनश्याम वर्मा ने मुखाग्नि दी। मुक्तिधाम में दिवंगत श्रीमती वर्मा की आत्मिक शांति के लिए मौन श्रद्धांजलि दी गई।

# बीस साल बाद जनपद में भाजपा का कब्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

25 सदस्यों वाले जनपद पंचायत में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद को लेकर आज निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान 20 साल बाद भारतीय जनता पार्टी के समर्थित प्रत्याशियों ने दोनों ही पदों पर भाजपा संगठन की कुशल रणनीति के चलते अपनी जीत दर्ज करने में सफल रहे।

राजनांदगांव जनपद पंचायत में आज सुबह 11 बजे से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई। सबसे पहले अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी की ओर से समर्थित प्रत्याशी प्रतिमा चंद्राकर ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं कांग्रेस की ओर से समर्थित प्रत्याशी तुलसी साहू ने नामांकन भरा। प्रतिमा चंद्राकर को 19 मत मिले। वहीं कांग्रेस की तुलसी साहू को 6 मत मिले और अध्यक्ष पद पर पारी क्षेत्र की प्रतिमा चंद्राकर विजयी हुई।

#### महिला सदस्य को प्राथमिकता

जनपद अध्यक्ष पद महिला आरक्षित होने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति के तहत उपाध्यक्ष पद के लिए भी महिला सदस्य का नाम आगे किया और अनीता सिन्हा ने उपाध्यक्ष के लिए नामांकन भरा।

#### उपाध्यक्ष को मिले 18 वोट

जनपद उपाध्यक्ष के लिए पूर्व उपाध्यक्ष रहे रोहित चंद्राकर ने कांग्रेस की ओर से अपना नामांकन किया। वहीं मतदान के पश्चात रोहित चंद्राकर को महज 7 मत मिले। वहीं भारतीय जनता पार्टी समर्थित अनीता सिन्हा ने 18 मत प्राप्त किया।

#### तीन बागी भी जीते

राजनांदगांव जनपद पंचायत के अंतर्गत 25 जनपद क्षेत्र से 13 भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशियों की जीत हुई थी। वहीं भाजपा के तीन बागी भी जीते थे। भाजपा ने अपने तीन बागियों को पहले ही अपने पक्ष में कर लिया था और बहुमत के आंकड़े को पार कर वह 16 सदस्यों में पहुंच गई थी।

#### कांग्रेस के बागी थे संपर्क में

भारतीय जनता पार्टी ने इधर अपनी रणनीति के तहत कांग्रेस से बागी हुए जनपद सदस्यों को अपने पक्ष में किया हुआ था। वहीं कांग्रेस के एक अन्य जनपद सदस्य भी उनसे संपर्क में थे। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही 19 मत मिलने को लेकर आश्वस्त थी और हुआ भी यही। अध्यक्ष पद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में 19 मत पड़े, लेकिन उपाध्यक्ष में एक वोट क्रॉस नहीं हो पाया और उपाध्यक्ष पद की प्रत्याशी अनीता सिन्हा को 18 मत मिले।

#### भाजपा ने मनाया जश्न

इधर भाजपा समर्थित प्रतिमा चंद्राकर के अध्यक्ष निर्वाचित होते ही भारतीय जनता पार्टी ने जमकर पटाखे फोड़े। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, महामंत्री सौरभ कोठारी, मंडल अध्यक्ष गोलू गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, प्रखर श्रीवास्तव, सहित अन्य नेता पहुंचे थे।

#### क्षेत्र का विकास प्राथमिकता

अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद प्रतिमा चंद्राकर और अनीता सिन्हा ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि सबके साथ मिलकर क्षेत्र का विकास करना हमारी प्राथमिकता होगी।

## चौकी जनपद में जनता की सरकार, बागियों ने दिखाया दम

**राजनांदगांव।** अंबागढ़ चौकी जनपद पंचायत में अपने बागियों को संतुष्ट नहीं कर पाने के चलते भारतीय जनता पार्टी को जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों ही पदों में हार का सामना करना पड़ा है।

17 जनपद क्षेत्र वाले अंबागढ़ चौकी जनपद पंचायत में आज अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ। भारतीय जनता पार्टी ने अपने समर्थित सदस्य शत्रुघन सुरेंद्र को अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया। वहीं भाजपा के बागी पूर्व सरपंच रहे पुनउराम फुलकवरे ने भी अपना नामांकन दाखिल किया और मतदान में भारतीय जनता पार्टी समर्थित शत्रुघन सुरेंद्र को 8 मत मिले। वहीं पूनमराम को 9 वोट मिले। भाजपा समर्थित प्रत्याशी को शिकस्त देकर पुनउराम फुलकवरे जनपद अध्यक्ष निर्वाचित हो गए।

#### बागी होकर लड़ा उपाध्यक्ष

जनपद उपाध्यक्ष की सीट सामान्य होने पर भी भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व उपाध्यक्ष रहे शंकर तिवारी को प्रत्याशी नहीं बनाया और संदीप मेश्राम को उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन करवा दिया। इसके बाद उपाध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी कर रहे शंकर तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी के बिना समर्थन बागी होकर चुनाव लड़ा और उपाध्यक्ष पद पर एक क्रॉस वोटिंग के जरिये उन्होंने अपनी जीत दर्ज की।

#### भाजपा से हुआ क्रॉस वोटिंग

जनपद उपाध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी का एक वोट क्रॉस होकर बागी प्रत्याशी शंकर तिवारी के पक्ष में पड़ा। इस तरह से शंकर तिवारी को 10 मत हासिल हुए और संदीप मेश्राम को 7 मत मिले।

#### अनुभवी को छोड़ दूसरे को दिया मौका

भारतीय जनता पार्टी ने उपाध्यक्ष पद के लिए अनुभवी शंकर तिवारी को छोड़कर पहली बार जीतकर आए संदीप मेश्राम पर भरोसा जताया। इसके चलते भारतीय जनता पार्टी को उपाध्यक्ष पद भी गंवाना पड़ा।

#### कांग्रेस रही दूर

जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी की 17 सीटों में 8 सीट पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीत कर आए थे। वहीं 9 सीट पर कांग्रेस एवं बागी प्रत्याशियों की जीत हुई थी। वहीं अल्प मत की वजह से कांग्रेस अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के दोनों पद के चुनाव से दूर रही और उसने अपने प्रत्याशी नहीं उतारे।

## जनपद पंचायत खैरागढ़ की बागडोर डॉ. राजेश्री सम्हालेंगी



**खैरागढ़।** जनपद पंचायत की बागडोर अब क्षेत्र क्रमांक दो से चुनकर आई भाजपा की डॉ राजेश्री शैलेंद्र त्रिपाठी संभालेंगी। नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों के पहले सम्मेलन बाद अध्यक्ष चुनाव में भाजपा की डॉ राजेश्री शैलेंद्र त्रिपाठी को 17 मत मिले जबकि कांग्रेस की ओर से खड़ी प्रत्याशी निर्मला वर्मा को आठ मत ही मिल पाया। अध्यक्ष निर्वाचन बाद उपाध्यक्ष चुनाव में भी भाजपा ने बाजी मार ली उन्होंने लगातार तीन बार से चुनाव जीतकर क्षेत्र क्रमांक 16 से जनपद सदस्य निर्वाचित लखनलाल साहू को प्रत्याशी बनाया वही कांग्रेस ने उनके मुकाबले में भूखन बंजारे को उतारा लेकिन यहॉ भी कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी।

लखनलाल साहू को 16 और भूखन बंजारे को महज सात वोट मिला जिसके चलते जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की कुर्सी पर पूरी तरह से भाजपा का कब्जा हो गया है। अध्यक्ष निर्वाचन के समय समर्थन करने वाले गोंडवाना महासभा के दो सदस्यो ने उपाध्यक्ष के निर्वाचन मे भाग नही लिया जिसके चलते कांग्रेस की आरे से अध्यक्ष का चुनाव लड़ रही निर्मला वर्मा को 9 वोट मिला जबकि उपाध्यक्ष निर्वाचन के दौरान महासभा सदस्यो ने वोट नही डाला जिसके कारण भूखन बंजारे को सात वोट ही मिला।

पांडादाह क्षेत्र से जिला पंचायत का चुनाव लड़ने पूरी मनोस्थिति बना चुके पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू को संगठन ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का प्रभारी बनाया और घम्मन साहू अपनी इस जिम्मेदारी पर पूरी तरह खरे उतरे। उनके मार्गदर्शन में भाजपा ने पूरा चुनाव लड़कर जिला और जनपद मे पूर्ण बहुमत का आंकड़ा छू लिया जिसके चलते जनपद के बाद अब आज होने वाले जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष निर्वाचन में भी भाजपा काबिज हो जाएगी। सम्मेलन और अध्यक्ष उपाध्यक्ष निर्वाचन को लेकर जनपद कार्यालय मे कड़ी चौकसी की गई थी। चुनाव अधिकारी एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू के देखरेख मे निर्वाचन की सारी प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान बड़ी संख्या मे भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बजट में अधिकारी संघ की उम्मीद पर फिरा पानी

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन के



वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए जारी बजट में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की उम्मीद पर पानी फिर गया। संघ ने इसे कर्मचारियों के लिए निराशाजनक बजट बताया है।

सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र का अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौहान ने बताया कि जैसा बजट में सरकार से यही उम्मीद थी कि सरकार सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की सीधी भर्ती का प्रावधान बजट में करेगी। इसके उलट सरकार ने 12 नए पशु औषधालय खोलने का ऐलान किया है। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि पूरे प्रदेश में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के कुल 2250 पद स्वीकृत हैं। जिसमें वर्तमान में 1200 पद रिक्त हैं। ऊपर से नए 12 पशु औषधालय खोलने से कुल 1212 पद रिक्त रहेंगे। बस्तर जिले में कई पशु औषधालय जैसे धरमपुरा, सरगीपाल, कोलावल आदि में न तो पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी हैं न ही परिचारक हैं, इसलिए यह पशु औषधालय बंद पड़ा हुआ है।

## अंचल की पंचायतों में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**पटेवा।** अंचल की विभिन्न पंचायतों में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नव निर्वाचित सरपंच एवं पंचों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लिया। ग्राम पंचायत पटेवा में सचिव ने सरपंच लक्ष्मी वर्मा एवं पंच विरेन्द्र साहू, धनसी साहू, दशरथ साहू, प्रमिला साहू, मिथलाबाईं, लताबाई,कलिन्दरी बाईं, रोहित साहू, दीपक साहू, सविता चौहान, परस राम साहू, प्रमिला साहू, जविता साहू, खेदु राम ढीमर, संगीता यदु, महेश्वरी देवांगन, भुपेंद्र देवांगन, ललित ढीमर, फागूराम साहू को शपथ दिलाया। इस अवसर पर मिथलेश साहू, रवि वर्मा , प्रशांत वर्मा आदि मौजूद थे।



## बजट कर्मचारियों के साथ छलावा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ का दूसरा बजट में राज्य सरकार ने कर्मचारियों को मार्च से महंगाई भत्ता 3 प्रतिशत बढ़ाने का झुनझुना पकड़ाया, क्योंकि महंगाई भत्ता देय तिथि से व केन्द्र सरकार के समान देने की गारंटी थी, इसलिए इस फैसले ने कर्मचारी वर्ग को खुश होने के बजाय नाराज कर दिया, खासकर शिक्षक वर्ग को।सहायक शिक्षकों की अगुवाई करने वाले सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने बजट में उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिए जाने पर तीखी नाराजगी जाहिर की है।


सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू व मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने कहा कि सरकार ने उनकी उम्मीदों को चकनाचूर कर दिया। मोदी की गारंटी के तहत वेतन विसंगति को दूर करने का जो वादा किया गया था, वो दूसरी बजट में भी पूरा नहीं किया गया। प्रदेश के शिक्षकों व कर्मचारियों ने विष्णुदेव सरकार से बड़ी उम्मीद लगा रखी थी, जिनमें प्रमुख रूप से संविलियन प्राप्त शिक्षकों की पुरानी सेवा गणना, क्रमोन्नति, देय तिथि से महंगाई भत्ता व उसका एरियर्स, वेतन विसंगति दूर करने, कैशलेस चिकित्सा, पूर्ण पेंशन प्रदान करने जैसी महत्वपूर्ण मांगे हैं, जिन पर इस बजट में कोई निर्णय नहीं लिया गया। सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने इसे शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए निराशाजनक बजट बताया है। शिक्षकों को पूरी उम्मीद थी कि सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, शिक्षकों की प्रथम सेवा गणना कर लाभ दिए जाने जाने, एरियर्स सहित महंगाई भत्ता दिए जाने सहित अन्य मांगों पर सरकार जरूर विचार करेगी, लेकिन सरकार ने शिक्षकों की मांगों को सिरे से खारिज कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने कहा कि वेतन विसंगति के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से लेकर वित्त मंत्री तक का आश्वासन मिला था। सभी मोदी की एक-एक गारंटी को पूरा करने का भरोसा दिलाया था, लेकिन आज एक भी गारंटी पर लागू नहीं कर 4 लाख कर्मचारियों को निराशा के सागर में धकेल दिए हैं।

पृष्ठ 13 का शेष

### चाकू दिखाकर धमकाने...

असामाजिक तत्वों, शराब कोचिया एवं नशीले पदार्थों के बिक्री में संलिप्त लोगों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 4 मार्च को मुखबीर से सूचना मिली कि मोहारा बायपास सीआईटी रोड के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। इस सूचना पर मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई कर आरोपी पीताम्बर साहू को अवैध रूप से शराब बिक्री करते गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 19 पौवा देशी शराब जुमला 3.240 बल्क लीटर कीमती 1710 रुपए जब्त किया गया।

**लोगों को कर रहा था भयभीत-** पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सर्किट हाउस गेट के सामने हाथ में लोहे का धारदार चाकू रखकर आने-जाने वाले लोगों को भयभीत कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी जीतेश वैदेहे उर्फ डैनी को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू जब्त कर आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी जीतेश वैदेह उर्फ डैनी के विरूद्ध थाना बसंतपुर में और भी आपराधिक प्रकरण दर्ज है। नंदई चौक में शांति भंग करने वाले बबलू सोनकर को आज धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया।

# लखोली रामनगर के सड़क में रेत-गिट्टी का ढेर, 3 हजार जुर्माना



**राजनांदगांव।** शासन निर्देश के अनुक्रम में प्लास्टिक मुक्त नगर की परिकल्पना को साकार करने प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित किए जाने तथा सड़क में बिल्डिंग मटेरियल व मलमा रखने पर मलमा मंडप के तहत कार्रवाई करने कलेटर व प्रशासक संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित टीम कार्रवाई कर रही है।

कार्रवाई की कड़ी में मंगलवार को नगर निगम का स्वास्थ्य अमला ने गंज चौक के बजाज प्लास्टिक व किराना दुकान तथा नंदई चौक के किराना दुकानों में दबिश दी और प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय करने पर 3 हजार रुपए का अर्थदंड वसूला। इसी प्रकार लखोली रामनगर में रेत- गिट्टी बिल्डिंग मटेरियल रखने पर संबंधित से 3 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के तहत मंगलवार को लखोली रामनगर में इंद्रकुमार देशलहरा द्वारा रेत, गिट्टी, ईंट मटेरियल रखने पर 3 हजार रुपए अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

कार्रवाई की कड़ी में मंगलवार को गंज चौक व नंदई चौक में दबिश देकर गंज चौक के बजाज प्लास्टिक से 5 सौ रुपए जुर्माना वसूला और 5 सौ ग्राम पालिथीन जब्त किया। इसी प्रकार आरके ट्रेडर्स से 5 सौ रुपए तथा नंदई चौक के भारत किराना स्टोर्स से 5 सौ रुपए, गणेश किराना स्टोर्स व मालू किराना स्टोर्स से 3-3 सौ रुपए, बालाजी किराना स्टोर्स व राधेश्याम किराना स्टोर्स से 2-2 सौ रुपए के अलावा झग्गू साहू गन्ना रस, दशरथ साहू, नरेन्द्र देवांगन व छोटेलाल साहू फल दुकान से 1-1 सौ रुपए जुर्माना वसूल कुल 2 हजार 9 सौ रुपए जुर्माना वसूले और सभी से लगभग 2 किलो झिल्ली पन्नी, प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास की जब्ती की गई।

## संगीत विवि में निराला पर कार्यक्रम

**खैरागढ़।** इन्दिरा कला संगीत विवि में हिन्दी विभाग द्वारा महाप्राण निराला के साहित्य पर बेस्ट प्रेक्टिस के तहत महाकबि निराला पर कार्यक्रम हुआ। हिन्दी के प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास द्वारा तर्पण कार्यक्रम तहत निराला के वृत चित्र का अवलोकन शोधार्थियों व विद्यार्थियों द्वारा किया गया। विवि के राजकुमारी उषा देवी ग्रंथालय में आयोजित साहित्यिक आयोजन में कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो मृदुला शुक्ल ने निराला रचित कहानियों और उपन्यासों की चर्चा करते हुए उन्होंने सरोज स्मृति को हिन्दी की नहीं अपितु भारतीय भाषाओं का प्रथम शोकगीत कहा। हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो राजन यादव ने निराला की प्रसिद्ध रचना वह तोड़ती पत्थर, संध्या सुंदरी, जूही की कली, राम की शक्ति पूजा इत्यादि का उल्लेख करते हुए कहा कि निराला 20 वीं सदी के महत्वपूर्ण कवि माने जाते हैं।






























सरल व सहज, राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं बड़े भैया माननीय
अभिषेक सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सज्जन ठाकुर
अध्यक्ष उ. मंडल (भाजयुमो)
प्रखर श्रीवास्तव
अध्यक्ष द. मंडल (भाजयुमो)
प्रवेश ठाकुर
अध्यक्ष डोंगरगांव (भाजयुमो)
जितेन्द्र साहू
अध्यक्ष ग्रामीण मंडल राज. (भाजयुमो)
सुमीत मिश्रा
अध्यक्ष डोंगरगढ़ (भाजयुमो)
भोज वर्मा
अध्यक्ष एलबी नगर (भाजयुमो)
मुकेश साहू
अध्यक्ष कुमर्दा (भाजयुमो)
ललित साहू
अध्यक्ष घुमका (भाजयुमो)
सोहन साहू
अध्यक्ष छुरिया (भाजयुमो)
राघवेन्द्र वर्मा
अध्यक्ष डोंगरगढ़ ग्रामीण (भाजयुमो)
डिकेश साहू
जिला महामंत्री, भाजयुमो
गोलू सूर्यवंशी
जिला महामंत्री, भाजयुमो
मोनू बहादुर सिंह
जिलाध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा, राजनांदगांव
जिला भाजपा युवा मोर्चा, राजनांदगांव


नगर पंचायत छुईखदान के नवनिर्वाचित अध्यक्ष
श्रीमती नम्रता गिरिराज वैष्णव जी
एवं पार्षदगणों का
शपथ ग्रहण समारोह
मुख्य अतिथि
माननीय श्री संतोष पाण्डेय जी
सांसद राजनांदगांव
अध्यक्षता
मान. श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा जी
विधायक खैरागढ़
दिनांक - 05 मार्च 2025, दिन - बुधवार, समय - प्रातः 11 बजे
स्थान - स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, इंडोर स्टेडियम छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई
आप सादर आमंत्रित हैं
नवनिर्वाचित पार्षदगण
प्रकाश महोबिया
पार्षद, वार्ड नं.-01
किरण निशांत वैष्णव
पार्षद, वार्ड नं.-02
पन्ना मंडावी
पार्षद, वार्ड नं.-03
उमाकांत महोबिया
पार्षद, वार्ड नं.-04
रुपबाला महोबिया
पार्षद, वार्ड नं.-05
निधी तिवारी
पार्षद, वार्ड नं.-06
शैव्या वैष्णव
पार्षद, वार्ड नं.-07
अनुभा संजय जैन
पार्षद, वार्ड नं.-08
पंचम राम साहू
पार्षद, वार्ड नं.-09
मनीष कोचर (मंटू)
पार्षद, वार्ड नं.-10
चंद्रेश कुंभकार
पार्षद, वार्ड नं.-11
धनेन्द्र देवांगन (घनाराम)
पार्षद, वार्ड नं.-12
महेश नारकर
पार्षद, वार्ड नं.-13
प्रेमसिंह पाल
पार्षद, वार्ड नं.-14
संजू सिंह नेताम
पार्षद, वार्ड नं.-15
श्रीमती नम्रता गिरिराज वैष्णव जी
नवनिर्वाचित अध्यक्ष, नगर पंचायत छुईखदान
विनीत : मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत छुईखदान

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 5 मार्च 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव



## इंदौरी नगर के विकास जनता की सुविधाओं का विस्तार करने संयुक्त प्रयास करेंगी: भावना

# इंदौरी नपं की नव-निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों ने किया शपथ ग्रहण, विधायक ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा


मंगलवार को बाजार चौक में नगर पंचायत इंदौरी की नव-निर्वाचित भाजपा अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित पार्षदों ने शपथ ग्रहण किया। नगरीय निकाय चुनाव में नगर पंचायत इंदौरी में भाजपा को प्रचंड जीत मिली। इसी कड़ी में सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने नगर व क्षेत्र के विकास की शपथ ली। इस दौरान नगर पंचायत इंदौरी से भाजपा की नव-निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती मित्रीन बाई महंगी लाल मांडले और पार्षदों ने शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह में कबीरधाम भाजपा जिला अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी प्रमुख रूप से उपस्थित थें और सभी जनप्रतिनिधियों को शपथ ग्रहण करने की बधाई दी। इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता के जनादेश का सम्मान करते हुए सभी को मिलकर इंदौरी नगर के विकास को आगे ले जाने एवं जनता की सुविधाओं का विस्तार करने के लिए संयुक्त प्रयास करना होगा। हमारा प्रमुख उद्देश्य अपने नगर और क्षेत्र में जनसुविधाओं का विस्तार और अधोसंरचना निर्माण से इंदौरी नगर को एक विकसित एवं आदर्श नगर के रूप में विशेष पहचान दिलाना है, जिसके लिए हम कृत-संकल्पित हैं। नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व हमने हमर संकल्प पत्र एवं पार्टी नेतृत्व में अटल संकल्प पत्र में कई महत्वपूर्ण संकल्प किए हैं। जिस पर जनता ने अपने विश्वास की मुहर लगाकर प्रदेश में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनाई है। अब हम सभी जनप्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी है कि उन संकल्पों को हम धरातल पर लेकर आए जिसमें आप सभी नगरवासियों के सुझाव और मार्गदर्शन हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। मुझे विश्वास है कि सभी जनप्रतिनिधि भी अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से पालन करेंगे। श्रीमती बोहरा ने कहा कि विगत 14 महीनों में भाजपा की सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। अब यह अवसर हमें मिला है कि डबल इंजन भाजपा सरकार की कुशल नीतियों, विकास कार्यों और जन कल्याण के प्रति समर्पित योजनाओं को ट्रिपल इंजन की रफ्तार से हमारे नगर व गांव तक पहुंचाएं। वहीं नव-निर्वाचित अध्यक्षों और सभी पार्षदों को मिलकर अपने वार्ड, क्षेत्र व नगर का विकास सुनुश्चित करेंगे और समृद्ध पंडरिया विधानसभा के संकल्प को पूरा करेंगे। जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना एवं अधोसंरचना विकास और निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करना के लिए संयुक्त साझेदारी हमें निभानी होगी। बजट 2025-26 में भी ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं और प्रावधान किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 5500 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 845 करोड़, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 119 करोड़ और मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत जल निकासी प्रणाली के साथ कांक्रीट ग्राम सड़क के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए के प्रावधान हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक साहू, नगर पंचायत इंदौरी चुनाव प्रभारी अनिल ठाकुर, सहप्रभारी युवराज सिंह, क्षेत्र क्रमांक 12 जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे, मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, भाजपा के वरिष्ठजन, समस्त मोर्चा व प्रकोष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थें।

### सभी मूलभूत सुविधाओं तथा शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगीः भावना






नगर पंचायत इंदौरी के विकास और क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए सर्व-सुविधायुक्त स्मार्ट नगर पंचायत भवन का निर्माण किया जाएगा, ताकि क्षेत्र के विकास हेतु होने वाले कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। इंदौरी में यातायात व सुगम आवागमन के लिए नया बस स्टैंड बनाया जाएगा, जहां यात्रियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इंदौरी में युवाओं के बेहतर व उच्च शिक्षा हेतु महाविद्यालय की स्थापना और वाई-फाई जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं तथा शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार के लिए जिला सहकारी बैंक की नई शाखा, बाजारों को सुव्यवस्थित, बाबा तालाब का जीर्णोद्धार, छोटे रगरा से बहरापारा तक पक्की सड़क का निर्माण, अटल परिसर का निर्माण एवं सभी वार्डों में पक्की सड़क, बिजली, पानी की पर्याप्त व्यवस्था, व्यावसायिक कॉम्पलेक्स, नालंदा परिसर की तर्ज पर लाइब्रेरी का निर्माण भी किया जाएगा। यह सभी हमने हमर संकल्प पत्र में इंदौरी नगर की जनता से वादा किया है और इन वादों को पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं और हमें पूर्ण विश्वास है कि जनता का सहयोग व मार्गदर्शन हमें अपने इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जरुर प्राप्त होगा।



# पंडरिया जनपद में भाजपा के नंदिनी साहू अध्यक्ष व छत्रकिशोर उपाध्यक्ष चुने गए

- भावना बोहरा के नेतृत्व में भाजपामय हुआ पंडरिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

मंगलवार को जनपद पंचायत पंडरिया में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपना परचम लहराया है। विधायक श्रीमती भावना बोहरा के नेतृत्व में इस बार पंडरिया विधानसभा के नगर पालिका व दोनों पंचायतों में भाजपा अध्यक्षों की जीत के साथ ही जनपद पंचायत पंडरिया में भी भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती नंदिनी साहू जनपद अध्यक्ष एवं भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी छत्रकिशोर तिवारी जनपद उपाध्यक्ष चुने गए। अध्यक्ष पद हेतु नंदिनी साहू के समर्थन में 25 में से 19 सदस्यों ने अपनी सहमती दी वहीं उपाध्यक्ष पद हेतु छत्रकिशोर तिवारी के समर्थन में 23 में से 18 सदस्यों ने समर्थन दिया। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने जनपद पंचायत पंडरिया की अध्यक्ष नंदिनी साहू एवं उपाध्यक्ष छत्रकिशोर तिवारी को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा ने हमेशा ही महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। एक महिला होने के नाते मुझे इस बात पर गर्व हो रहा है कि पंडरिया विधानसभा अंतर्गत नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई में भाजपा की महिला प्रत्याशी अध्यक्ष चुनी गई और जनपद पंचायत अध्यक्ष के रूप में भी एक महिला को नेतृत्व करने का अवसर मिला है।

पंडरिया विधानसभा की जनता ने भाजपा के प्रति अपना जो अपार समर्थन दिया है उसके लिए मैं हृदय से उनका आभार व्यक्त किया। महिलाओं को प्रोत्साहित करने के साथ ही भाजपा उन्हें अपने क्षेत्रों का नेतृत्व करने का भी अवसर दे रही है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण आप सभी के सामने हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने विगत 14 महीनों में भाजपा सरकार के सुशासन को देखा है, योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर दिखाई दे रहा है, पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में ठप्प पड़े कार्यों को गति देने का काम भाजपा ने किया है इसके प्रति जनता ने भी अपना विश्वास जताया है और पूरे प्रदेश में भाजपा को नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अपना समार्थन देकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाई है। भाजपा ने मोदी की गारंटी में जो वादे किए हैं उन्हें पूरा करते हुए आज जनता की सुविधाओं एवं क्षेत्र के विकास हेतु अनवरत कार्य कर रही है और अब यह विकास कार्य ट्रिपल इंजन की रफ्तार से होंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है और बजट 2025-26 में भी हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं, अधोसंरचनाओं के निर्माण, सुगम आवागमन, सड़क, बिजली, स्वच्छ पेयजल, किसानों को आर्थिक संबल, महिलाओं को महतारी वंदन योजना से आर्थिक सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं, जिससे निश्चित ही हमारे ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

श्रीमती बोहरा ने इस बार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अग्रणी भूमिका निभाते हुए सभी क्षेत्रों में चुनाव प्रचार-प्रसार किया वहीं उनके सामाजिक कार्यों और क्षेत्र के विकास हेतु किये गए जनहित के कार्यों से जनता के मध्य एक सकारात्मक सन्देश गया है और नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा ने प्रचंड जीत हासिल की है।

## खबर संक्षेप

### वित्त मंत्री ने सभी वर्गों का सभी क्षेत्रों का विकास की दृष्टि से समुचित ध्यान दियाः यशवंत श्रीवास

**हरिभूमि कुई कुकदूर।** छत्तीसगढ़ शासन विष्णु देव साय के व वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दूसरा बजट पेश किया, बजट पर प्रतिक्रिया देते



हुए कूकदूर मण्डल के भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष यशवंत श्रीवास ने कहा कि मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री ने सभी वर्गों का सभी क्षेत्रों का विकास की दृष्टि से समुचित ध्यान दिया है। इस बजट में विशेषकर बस्तर, सरगुजा, वनवासी क्षेत्र, आदिवासी अंचल जहां पर विकास की अनेक संभावनाएं हैं, उसे उचित स्थान दिया गया है। बजट में विकास के कई कार्यक्रम व योजनाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं। आगे किरण देव ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए युवाओं की दृष्टि से हो। यशवंत श्रीवास ने सीएम विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता के लिए एक श्रेष्ठ बजट प्रस्तुत किया गया है। वित्त मंत्री ने बजट को बहुस्पर्शी, बहुआयामी और सर्वव्यापी बजट प्रदेश के विकास को ध्यान में रखकर बनाया है।

### छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए ऐतिहासिक बजटः तुषार चंद्रवंशी

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ की विष्णु देव की सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए विधानसभा के पटल पर सोमवार को बजट प्रस्तुत किया।



छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने हस्तलिखित बजट सदन पर पेश किया हैं, बजट में प्रगति को प्रदर्शित करते हुए छत्तीसगढ़ के सभी वर्गों के समग्र विकास पर अत्यधिक जोर दिया है। युवा छात्र नेता तुषार चन्द्रवंशी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट 2025-26 युवा वर्ग के लिए महत्वपूर्ण है, विद्यालय-महाविद्यालय में शिक्षक शिक्षिकाओं की कमी को दूर करने नवीन शिक्षक भर्ती के लिए बजट में प्रावधान रखा है। जिसमें 03 हजार से अधिक बस्तर फाइटर्स की भर्ती से युवाओं को शासकीय क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। प्रदेश के शासकीय दफ्तरों में रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती का प्रावधान भी इस बजट में किया गया है। जिससे प्रदेश में बेरोजगार युवाओं को बड़ी संख्या में शासकीय क्षेत्र में नौकरी का अवसर मिलेगा। रायपुर में एनआईएफटी की घोषणा से विद्यार्थियों में हर्ष का माहौल है। साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए सरकार ने 330 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसमें ग्रामीण मार्गों पर पुल-निर्माण 30 करोड़ रुपए, मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना 100 करोड़ रुपए और समग्र विकास योजना 200 करोड़ रुपए शामिल हैं। इन योजनाओं से गांवों में परिवहन सुविधाएं बेहतर होंगी और समग्र विकास को गति मिलेगी।

### राज्य स्तरीय सीनियर कराटे प्रतियोगिता में जिले को मिली 01 स्वर्ण व 2 कांस्य पदक




**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ कराटे एसोसिएशन द्वारा भिलाई महिला महाविद्यालय में सीनियर एवं अंडर-21 कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे कबीरधाम जिले से 3 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमे सीनियर वर्ग कुमिते 67 किलो ग्राम से कम में मनीष निषाद ने प्रथम स्थान, 55 किलो ग्राम से कम में अंकित नारंग ने तृतीय स्थान सीनयर काता में पेखराज साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमे मनीष निषाद ने प्रथम स्थान लेकर हैदराबाद में 26 से 28 मार्च तक होने वाले सीनियर नेशनल के लिए छत्तीसगढ़ टीम में अपनी जगह पक्की कि सभी खिलाड़ी नियमित रूप से करपात्री विद्यालय में अभ्यास करते है। सभी खिलाड़ी पुलिस विभाग के आरक्षक आकाश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में करपात्री स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। खिलाड़ियों के चयन पर कबीरधाम जिला कराटे संघ के पदाधिकारी गण,अभिभावक गण एवं सभी खिलाड़ियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# पोड़ी के नव-निर्वाचित सरपंच व पंचों ने ली शपथ

- ग्रामीणों को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया व पदभार ग्रहण किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭पोड़ी

सोमवार को बोड़ला विकासखंड के सबसे बड़े ग्राम पंचायत पोंड़ी के नव-निर्वाचित सरपंच श्रीमती मिथिला बाई मोतीराम साहू और 20 वार्डों के पंचों ने ग्राम पंचायत के विकास के लिए निष्ठापूर्वक शपथ ग्रहण किया। यह शपथ ग्रहण समारोह ग्राम पंचायत भवन पोंड़ी में आयोजित किया गया। इस शपथ ग्रहण से पूर्व ग्राम पंचायत सचिव जीवन वारते ने सभी पंचों को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा गई। तत्पश्चात उन्हें शपथ दिलाई गई, इस मौके पर नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती मिथिला बाई मोतीराम साहू ने सभी पंचों और ग्रामीणों को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया और पदभार ग्रहण किया।



शपथ ग्रहण समारोह में पंचों ने शपथ ली। जिसमें वार्ड नं 01 जलकैना बाई पटेल, वार्ड नंबर 02 अनुसुइया गिर, वार्ड नंबर 03 अंबिका तिवारी, वार्ड नंबर 04 सविता यादव, वार्ड नंबर 05 शमा खान, वार्ड नंबर 06 हेमंत कुंभकार, वार्ड नंबर 07 कशीदन बी, वार्ड नंबर 08 इदरीश खान, वार्ड नंबर 09 मुकेश कुंभकार, वार्ड नंबर 10 कुमारी साहू, वार्ड नंबर 11 जानकी गुप्ता, वार्ड नंबर 12 वेदराम बंजारे, वार्ड नंबर 13 पूजा बघेल, वार्ड नंबर 14 अमित अवस्थी, वार्ड नंबर 15 वेद साहू, वार्ड नंबर 16 उमा गोस्वामी, वार्ड नंबर 17 प्रदीप गोस्वामी व वार्ड नंबर 18 देवी सिंह चौहान तथा वार्ड नंबर 19 अहिल्याबाई एवं वार्ड नंबर 20 मनोज वर्मा ने शपथ ग्रहण की। नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों ने मिलकर ग्राम पंचायत पोंड़ी के सर्वांगीण विकास करने का संकल्प लिया और इसके लिए संयुक्त प्रयास करने का वादा किया। इस दौरान जयराम साहू, ओमप्रकाश वर्मा, बड़ी प्रसाद तिवारी, राधे गोस्वामी, बिलाल गांधी, संतोष साहू, विजय साहू, रवि निषाद, चंदू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## परीक्षा कक्ष का किया औचक निरीक्षण



**हरिभूमि कोलेगांव।** मंगलवार को रायपुर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी का परीक्षा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में अंग्रेजी विषय का परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित हो रहा है, उन्होने परीक्षा के दौरान यूंआर चन्द्राकर सहायक संचालक, सतीश यदु एमआईएस प्रशासक, श्रीमती भगवती हठिले व्याख्याता द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई। परीक्षा केंद्र में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन और पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता की गई थी। निरीक्षण दल द्वारा बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी प्रपत्रों और पंजियों का समुचित संधारण पाया गया।

# विद्यालय के नए भवन का उद्घाटन

**मुसरा।** ग्राम मुसरा में मांटेसरी प्ले स्कूल के नए भवन का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि कौशल राम चंद्रवंशी थे। अध्यक्षता बसंत वर्मा ने की। कार्यक्रम में प्रदीप वर्मा संकुल समन्वयक मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत राज्य गीत से हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री चंद्रवंशी ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है। मनुष्य को जीने के लिए पानी, भोजन सहित अन्य की जरूरत होती है इस प्रकार शिक्षा भी जीवन के लिए आवश्यक है। बसंत वर्मा ने कहा कि शिक्षा से बच्चों का विकास होता है। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर सरपंच गायत्री टेम्बुलकर, जनपद सदस्य सीमा साहू, कंवल निर्मलकर, जामिंद्र वर्मा, भागबली बंजारे, क्रांति निर्मलकर, लालचंद वर्मा, कमल नारायण धुर्वे, छगनलाल वर्मा, तोरण यादव, पुणेंद्र वर्मा, सोमनाथ ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।




# अस्तित्व में आई गांव की सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ब्लाक की 76 ग्राम पंचायतों में सोमवार को प्रथम सम्मिलन का आयोजन किया गया। नव निर्वाचित सरपंचों और पंचों में शपथ लेकर पंचायत की कमान संभाला। शपथ समारोह के दौरान गांवों में उत्साह का माहौल देखा गया है।

ब्लाक के प्रमुख ग्राम अर्जुनी में नवनिर्वाचित सरपंच ललिता टामेश्वर साहू सहित पार्वती सोनकर, ज्योति तिवारी, फातिमा बेगम, चन्द्रशेखर कौशिक, उमा तिवारी, ललिता टांडेकर, अर्जुन धनकर, भूषण, नागेश धनकर, केमिनबाई, बिसाहिन, टामेश्वरी, कांतिबाई, पूर्णिमाख दुर्गाराम निषाद, कमलेश सोनकर, भेदूराम, अगरदास, संत्रीबाई, डिलेश्वरी ने शपथ लिया। इस दौरान हिमकल्याणी साहू, द्रोपति साहू, फेरूराम, पूर्णकिशोर साहू, रामखिलावन, भैयालाल, जितेन्द्र तिवारी, चैनसिंग निषाद, लिखन, धनेश निषाद, निजाम, बालकृष्ण साहू, हीररालाल, टीकम देवांगन, दिनेश साहू, हुकुमचंद वैद, ठाकुरराम, जीवन, राधेलाल आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत ओड़ारबांध में सरपंच सुनीता साहू, तिलईरवार ने नंदिका कुंजाम, कोहका शरद वैष्णव, माळालडबरी मे मधु यदु, सुखरी में सुरेन्द्र गिर गोस्वामी, अमलीडीह में रौशन साहू, खुज्जी में अजय पंसारी, आरी में सोनम निषाद ने पंचों के साथ पदभार ग्रहण किया।



पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा इलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 5 मार्च 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

अंबागढ़ चौकी में निर्दलीय बना अध्यक्ष, भाजपा के शंकर तिवारी ने बगावत कर लड़ा उपाध्यक्ष चुनाव

## नांदगांव, छुईखदान, डोंगरगांव और खैरागढ़ जनपद में जीती भाजपा, अं.चौकी में बहुमत के बाद भी हारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अविभाजित जिले की पांच जनपद पंचायत में मंगलवार को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव कराया गया। सभी पांच जनपद में भाजपा के पास बहुमत था। ऐसे में माना जा रहा था कि सभी जगह भाजपा अपने अध्यक्ष-उपाध्यक्ष बना लेगी, लेकिन एमएमसी जिले के अंबागढ़ चौकी जनपद में बड़ा खेल हो गया। उपाध्यक्ष प्रत्याशी नहीं बनाए जाने से नाराज होकर शंकर तिवारी ने निर्दलीय का साथ दे दिया। जिसके चलते न केवल अध्यक्ष, बल्कि उपाध्यक्ष पद भी भाजपा को गंवाना पड़ा। निर्दलीय पुनउराम फूलकंवर अध्यक्ष बने। वहीं शंकर तिवारी ने उपाध्यक्ष का चुनाव जीत लिया। इस हार के बाद भाजपा संगठन के भी होश उड़ गए हैं।इधर राजनांदगांव जनपद में भाजपा की प्रतिमा चंद्राकर अध्यक्ष, अनिता सिन्हा उपाध्यक्ष बनी। डोंगरगांव जनपद में भाजपा की रंजीता पटौदी अध्यक्ष एवं मनीष साहू उपाध्यक्ष बने। छुईखदान जनपद में भाजपा की पुष्पा वर्मा अध्यक्ष, राजूराम लोधी उपाध्यक्ष बने। खैरागढ़ जनपद में भाजपा की राजेश्री शैलेंद्र त्रिपाठी अध्यक्ष एवं लखन साहू उपाध्यक्ष बने। शेष चार जनपद में भाजपा जीती।

### राजनांदगांव जनपद



अध्यक्ष — प्रतिमा चंद्राकर
उपाध्यक्ष — अनिता सिन्हा

### डोंगरगांव जनपद



अध्यक्ष — रंजीता पटौदी
उपाध्यक्ष — मनीष साहू

### खैरागढ़ जनपद



अध्यक्ष — राजेश्री त्रिपाठी

### अंबागढ़ चौकी



अध्यक्ष — पुनउराम फूलकंवर
उपाध्यक्ष — शंकर तिवारी

### छुईखदान जनपद



अध्यक्ष — पुष्पा वर्मा
उपाध्यक्ष — राजु राम लोधी



उपाध्यक्ष — लखन लाल साहू



### मतदान के लिए 30 मिनट

सभी पांच जनपद राजनांदगांव, डोंगरगांव, अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ और छुईखदान में भाजपा व कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी उतारे थे। ऐसे में जनपद पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए चुनाव कराया गया। नामांकन के बाद मतदान के लिए निर्वाचित सदस्यों को आधे घंटे का समय दिया गया था। मतपत्र के जरिये मतदान के बाद तत्काल मतगणना की गई। सभी जगह जनपद पंचायत के भवन में यह प्रक्रिया की गई।

### राजनांदगांव में क्रॉस वोटिंग

राजनांदगांव जनपद अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा से प्रतिमा चंद्राकर और कांग्रेस से मिलम साहू ने नामांकन दाखिल किया था। भाजपा प्रत्याशी प्रतिमा को 19 और कांग्रेस प्रत्याशी मिलम को 7 वोट मिले, दो सदस्य अनुपस्थित रहे। ज्ञात हो कि भाजपा के 16 ही सदस्य थे, ऐसे में तीन वोट क्रॉस हुए और भाजपा को मिले। वहीं उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा की अनिता सिन्हा को 18 मिले और कांग्रेस प्रत्याशी रोहित चंद्राकर को सात वोट मिले।

**आज डोंगरगढ़ और छुरिया में चुनाव :** इधर पांच जनपद पंचायत के बाद आज डोंगरगढ़ और छुरिया जनपद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। दोनों जनपद में भाजपा के पास बहुमत का आंकड़ा है। हालांकि कांग्रेस अपने प्रत्याशी जरूर उतारेगी। डोंगरगढ़ में ओबीसी महिला और छुरिया में महिला अनारक्षित वर्ग के लिए अध्यक्ष पद आरक्षित है।

PARIHAR HOSPITAL
Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre

बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)
रक्त एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी की सुविधाएं अब कवर्धा में
गुरूवार, दिनांक : 06 मार्च 2025

सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक
स्थान :
साईं संजीवनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, भारत माता चौक, कवर्धा

दोपहर 1.30 बजे से 4 बजे तक
स्थान :
परिहार हॉस्पिटल, बिलासपुर रोड, मिनीमाता चौक, कवर्धा


डॉ. दिब्येंदु दे
(MD, DM) रक्त रोग विशेषज्ञ

95 से अधिक सफल बोन मेरो ट्रांसप्लांट


डॉ. नीलेश जैन
(MBBS, MD, PDF)

यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है तो आज ही डॉक्टर से मिले
- खून की कमी
- सिकल सेल एनीमिया
- थैलेसेमिया
- शरीर के किसी भी हिस्से से रक्त स्त्राव
- बार-बार ब्लड लगना
- शरीर में लाल दाने अथवा चकते आना
- बार-बार बुखार का आना
- रक्त संबंधित कैंसर आदि
- शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ का होना
- लंबे समय तक न भरने वाला जख्म या छाला
- बिना प्रयास के वजन कम होना
- लगातार थकान व कमजोरी

अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 9301923453
8282823333/4444 नया रायपुर, छ. ग.
ATUL



## खबर संक्षेप

### योजना के तहत फसल उपार्जन कार्य प्रारंभ

**कवर्धा।** प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पीएम-आशा योजना) के अंतर्गत जिले में किसानों के पंजीयन और फसल उपार्जन कार्य की शुरुआत हो गई है। इस योजना के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन और रबी विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर एवं सरसों फसलों की बुवाई करने वाले किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल पर प्रारंभ हो गया है। कृषक अपनी क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन पत्र के साथ ऋण पुस्तिका, बी-1, पी-2, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा कर पोर्टल पर पंजीयन करवा सकते हैं।

### उड़नदस्ता दल ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 (कक्षा बारहवीं) के अंग्रेजी विषय की परीक्षा का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी उडनदस्ता दल क्रमांक 02 ने किया। इस दल का नेतृत्व सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर ने किया, साथ ही दल में सतीश यदु तथा व्याख्याता भगवती हठीले भी शामिल थे।

**निर्माण:** 2.84 करोड़ की लागत से 100 सीटर आदिवासी बालक छात्रावास किए गए थे स्वीकृत

# सालभर बाद भी पीएम जनमन के छात्रावासों का पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान

समग्र शिक्षा अभियान के तहत केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम जनमन योजना से गत वर्ष जिले में 5 स्थानों के लिए 100 सीटर आदिवासी बालक छात्रावासों की स्वीकृति दी गई थी, किंतु साल भर बीत जाने के बावजूद अभी तक धरातल पर इस संबंध में कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा है। गौरतलब है प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद अखबारों में यह खबर आई थी कि जिले के आदिवासी क्षेत्रों में समग्र शिक्षा अभियान के तहत पी एम जनमन योजना के तहत पीएम श्री स्कूल एवं पीएम श्री छात्रावास खोले जाएंगे। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पंडरिया विकासखंड के ग्राम कोदवागोड़ान एवं देवसरा के अलावा बोड़ला के ग्राम बांधाटोला, सिंघारी और रेंगाखार में कुल पांच स्थानों पर सर्व सुविधायुक्त 100 सीटर छात्रावास खोले जाने की स्वीकृति दी गई थी। बताया जाता है कि इन छात्रावासों के निर्माण की जिम्मेदारी लोकनिर्माण विभाग को दी गई थी किंतु उपरोक्त पांच स्थानों पर स्वीकृत छात्रावासों का अभी तक न तो संचालन शुरू हो सका है और न ही कहीं भवन निर्माण का अता पता है।



फाईल फोटो

### छात्रावास निर्माण विद्यार्थियों को मिलेंगी कई सुविधाएं

यहां बताना लाजिमी होगा कि जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले सभी छात्रों को भोजन आवास सहित अन्य सुविधाओं के साथ शिक्षा का अवसर सुलभ कराने की दृष्टि से पीएम श्री छात्रावासों की योजना वनवासियों के लिए कल्याणकारी सौगात होगी। यद्यपि शासन के आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा जन जातीय क्षेत्रों में पूर्व से भी छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं और उपरोक्त पांच में से चार स्थानों पर वर्तमान में विभाग द्वारा कन्या छात्रावास तो संचालित हैं किंतु यहां बालक छात्रावास नहीं होने के कारण काफी समय से बालक छात्रावासों की मांग की जा रही थी।

### राशि नहीं आने से छात्रावास भवन निर्माण हो रहा विलंब

लगभग पौने तीन करोड़ की लागत से बनने वाले छात्रावास भवनों का एस्टीमेट विभाग की ओर से शासन को भेज दिया गया है। शासन की ओर से राशि आबंटित नहीं होने से भवन निर्माण हेतु टेंडर की प्रक्रिया में विलम्ब हो रहा है। राशि आने के बाद ही टेंडर जारी किए जा सकेंगे।

**श्री गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग पंडरिया**

### ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने इस मामले में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है वे शासन स्तर पर इस विषय को प्रमुखता से रखते हुए निर्माण कार्य की जल्द से जल्द स्वीकृति दिलाएं।

# शहर के सभी आवासहीन परिवारों को मिलेगा अपना पक्का मकान



- निर्माणाधीन पीएम आवासों का निरीक्षण करने पहुंचे नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी के अंतर्गत राज्य के 18 लाख आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास देने के लिये प्रक्रिया तेज कर दी है।

छत्तीसगढ़ सरकार व छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा शहर के प्रत्येक पात्र परिवारों को आवास दिलाने का भी संकल्प लिया है उक्त बातें आज नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्माणाधीन आवासों के निरीक्षण के दौरान कही।

नगर पालिका अध्यक्ष मंगलवार की सुबह वार्डो में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होनें उपस्थित अधिकारियों को साफ-सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से किये जाने दिशा निर्देश दिये। साथ ही वार्डो में चल रहे प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण भी किया। उन्होने निर्माण हो रहे आवासों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देवें ताकि आवासों में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। साथ ही आवास योजना के हितग्राहियों को समय पर उनका किस्त प्रदान करें।

निर्माण कार्य में कोई व्यवधान उत्पन्न ना हो इसक पूर्ण ध्यान रखे। गौरतलब है कि नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत पात्र परिवारों का आवास निर्माण कराया जा रहा है मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू ने बताया कि अभी शासन की सबसे महत्तवाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास का अब तक 1466 मकान स्वीकृत हुआ है जिसमें से 1265 पूर्ण कर लिया गया है साथ ही 201 मकान प्रगतिरत व प्रक्रियाधीन है।

# अवैध अतिक्रमण हटाने वार्डवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## शासकीय भूमि पर अवैध कॉम्प्लेक्स निर्माण





- कार्यवाही नहीं होने पर वार्डवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र में इन दिनो अवैध अतिक्रमण का खेल खुलेआम चल रहा है। कुछ रसूखदार और मौका परस्त एक प्रकार के मूख सरकारी संरक्षण के चलते नगर की बेसकीमती शासकीय भूमि पर खुलेआम अतिक्रमण कर अपना अवैध निर्माण कर रहे हैं।

हैरानी की बात यह है कि जिला मुख्यालय कवर्धा में चले रहे इस अतिक्रमण पर न तो जिम्मेदारों की नजर जा रही है और न ही इस पर किसी प्रकार की कार्यवाही ही की जा रही है। ऐसा ही एक मामला नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 26 से सामने आया है। जहां एक रसूखदार द्वारा शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा कर व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स खड़े कर दिए हैं।

लेकिन इतने के बाद भी अभी तक इन रसूखदार के खिलाफ न तो नगर पालिका प्रशासन ने और न ही जिला प्रशासन ने किसी प्रकार की कार्यवाही की है। जिसे देखते हुए अब वार्डवासियों ने एक ज्ञापन जिला प्रशासन के मुखिया को सौंपा है और इस अवैध अतिक्रमण पर तत्काल कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इतना ही नहीं कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में वार्डवासियों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

इस संबंध में वार्डवासियों ने जानकारी देते हुए बताया कि हाईटेक बस स्टैण्ड जाने वाले मार्ग में एक रसूखदार द्वारा शासकीय भूखण्डों में अवैध अतिक्रमण कर काम्पलेक्स निर्माण किया जा रहा है। जिसके कारण रोड सकरा होने के साथ-साथ शासकीय भूखण्डों पर राजस्व की हानि हो रही है। इस अवैध कार्य को देखते हुए वार्डवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अवैध अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है।

अतिक्रमण नही हटने की स्थिति में चक्काजाम की चेतावनी दी। वार्डवासियों ने आवेदन के माध्यम से बताया कि वार्ड क्रमांक 26 में हाईटेक बस स्टैण्ड जाने वाले मार्ग घोठिया फार्म हाउस के पास शासकीय भूखण्ड में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर काम्पलेक्स का निर्माण किया गया है।

उन्होने इस बात की भी जानकारी दी कि इस मार्ग में 8-10 रसूखदार व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग जगहों में शासकीय भूखण्डों पर काम्पलेक्स का निर्माण कर किराया में दिया गया है और इन काम्पलेक्स से अवैध वसूली की जा रही है। जिससे शासकीय राजस्व की क्षति हो रही है। इस प्रकार के अवैध निर्माण से सभी वार्डवासियों में काफी रोष व्याप्त है।

साथ ही जल्द से जल्द अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्यवाही तथा अतिक्रमण को नहीं हटाए जाने पर वार्डवासियों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

# लाइन मेन दिवस पर कवर्धा जोन के लान मेन किए गए सम्मानित

- कवर्धा वृत्त के अंतर्गत कवर्धा जोन विद्युत विभाग ने आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




कवर्धा वृत्त के अंतर्गत कवर्धा जोन कार्यालय परिसर में मंगलवार को लाईन मेन दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधीक्षण अभियंता श्री घोष बतौर मुख्य आतिथ्य उपस्थित थे। वहीं विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री फ्लोरा, विष्णु देवांगन, कार्यपालन अभियंता (परियोजना) केएल उइके, श्री आर्या एवं कवर्धा संभाग के अंतर्गत कार्य कर रहे समस्त सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं लाईन मेन कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाईन कर्मचारियों को मुख्य अतिथि तथा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। विद्युत विभाग में कार्यरत लाइन मेनो को उपस्थित वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं के तहत उपभोक्ताओं को विद्युत उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है। हमें सुरक्षा के साथ तकनीकी दिक्कतों के कारण आई खराबियों को तत्काल दूर करना चाहिए। वक्ताओं ने लाईन मेनो को जागरूक करते हुए कहा कि वे लाईन सुधार के दौरान सेफ्टी सामग्री हमेशा अपने साथ में रखे और उनका उपयोग करें। वहीं लाईन मेनो को लाईट फाल्ट होने पर वरिष्ठ कर्मचारियों से वार्तालाप कर ही खंभे में चढ़ने कहा गया। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के जोखिम पूर्ण कार्यो के दौरान कर्मचारियों के बीच आपसी सामंजस बेहद जरूरी होता है इसका हर कर्मचारी का विशेष ख्याल रखना चाहिए।

# पेंशन के लिए भटक रहे शिक्षक एलबी संवर्ग के आश्रित परिजन

- टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि डीईओ से मिले, रखी मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा


टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू से मुलाकात कर शिक्षकों के विभिन्न स्थानीय समस्याओं के सम्बंध में विस्तार से चर्चा कर निराकरण की मांग किया।

प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि जिले के कई सहायक शिक्षकों व प्राथमिक प्रधान पाठकों ने उच्च परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन दिया है लेकिन आठ माह बाद भी अनुमति पत्र जारी नहीं हुआ है। जिले में विगत दो-तीन वर्षों में निधन हुए शिक्षक एलबी संवर्ग के विधवा या विधुर को परिवार पेंशन का पात्रता होने के बाद भी आज पर्यन्त तक परिवार पेंशन नहीं मिल पा रहा है। उदाहरण स्वरूप तमरूवा में पदस्थ रहे स्व. मुकेश साहू की पत्नी सीमा साहू को पुरानी पेंशन के तहत परिवार पेंशन नहीं दिया जा रहा है, जबकि उनके द्वारा सभी औपचारिकता पूर्ण किया जा चुका है। शिक्षक एलबी संवर्ग के जीपीएफ का पासबुक संधारण नहीं किया जा रहा है। सेवापुस्तिका का स्थानीय सम्परिक्षक तथा कोष एवं लेखा से सत्यापन का कार्य भी नहीं कराया जा रहा है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवघटा में पदस्थ रही शिक्षिका रंजना झा की सेवानिवृत्ति के बाद भी सेवापुस्तिका का सत्यापन नहीं कराया गया है, जबकि यह कार्य सेवा के दौरान ही कराने का प्रावधान है, अब उन्हें स्वत्वों के भुगतान में विलंब होगा।

कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत मिडिल स्कूल में पदस्थ शिक्षक उमेश चन्द्रवंशी के चार माह का मासिक वेतन, बिरुटोला के सहायक शिक्षक श्रीधर शर्मा व परसवारा के तेजराम निषाद के मई-2022 का वेतन, मिडिल प्रधान पाठक में पदोन्नत शिक्षकों के फरवरी व मार्च-2022 के वेतन का अंतर राशि, मिडिल स्कूल डौकाबांधा में पदस्थ शिक्षक नरेंद्र ठाकुर के मार्च-2024 के वेतन का अंतर राशि, जरती के शिक्षक नरेश साहू के जनवरी-2022 का इंक्रीमेंट एवं धनौरा के सहायक शिक्षक रामगुलाम पटेल के अप्रैल से जुलाई-2024 तक वेतन का अंतर राशि लंबित है।

बोड़ला ब्लॉक में द्वितीय श्रेणी राजपत्रित मिडिल प्रधान पाठकों की जीआईएस कटौती 360 के बजाय 300 रुपये ही किया जा रहा है। पंडरिया ब्लॉक के सिंगपुर मिडिल स्कूल में पदस्थ शिक्षक राजर्षि पाण्डेय को राज्यपाल पुरस्कार के बाद मिलने वाले अतिरिक्त वार्षिक वेतनवृद्धि नहीं दिया जा रहा है।

### ग्रामीणों को नव-निर्वाचित सरपंच से विकास व निर्माण कार्यों की उम्मीदें



**कोलेगांव।** ग्राम पंचायत कोलेगांव निवासियों को नव-निर्वाचित सरपंच से मूलभूत सुविधाओं तथा विकास कार्यो को लेकर भारी उम्मीदें है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कोलेगांव में पांच वर्षो से सौर ऊर्जा स्ट्रीक लाइट जिम्मेदारो व विभागीय अधिकारियो की अनेदखी व अनियमितता के कारण सौर ऊर्जा स्ट्रीक वर्षो से बंद व खराब होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकवा शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदार जनप्रतिनिधों की अनदेखी का खामियाजा व परेशानियां रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। जिससे ग्राम के मुख्य चौंक चौराहों व गली मोहल्ले मे अंधेरा ही अंधेरा पसरा हुआ है। वहीं ग्रामीणों द्वारा नव निर्वाचित सरपंच से भारी उम्मीदे व ग्राम के विकास कार्यो को लेकर जैसे सौर ऊर्जा स्ट्रीक लाइट, पक्की नाली निर्माण व शिक्षा, स्वास्थ्य की उम्मीदें है।

**लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर जोर, कलेक्टन ने ली अधिकारियों की बैठक**

# कलेक्टर ने की विकास कार्यों की समीक्षा, कार्य में तेजी लाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समय-सीमा बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं नगरीय निकायों के चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो चुके हैं, इसलिए अब सभी अधिकारी राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान दें। बैठक में उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं, अधोसंरचना विकास कार्यों और सिंचाई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन परियोजनाओं की मंजूरी मिल चुकी है, उनका कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए और जो पहले से शुरू हो चुके हैं, उनमें तेजी लाई जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, नरेन्द्र पैकरा, विनय पोयाम सहित सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में स्वीकृत सिंचाई परियोजनाओं के तहत भू-अर्जन मामलों की समीक्षा करते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बन रही सड़कों की भी समीक्षा की और निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की देरी न होने देने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में निर्माणाधीन आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी आवास लंबित न रहे और यदि किसी कारणवश कार्य रुका है, तो तुरंत समस्या का समाधान कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर ने अमृत सरोवर योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद सीईओ जल्द से जल्द स्थलों का चिन्हांकन कर प्रस्ताव तैयार करें। साथ ही, उन्होंने निर्माण के दौरान निकली मिट्टी और मुरम का उपयोग सड़क निर्माण, खेल मैदान और अन्य सार्वजनिक स्थलों के लिए करने को कहा।

### सजने लगा होली का बाजार...



**कवर्धा।** रंग, गुलाल, उमंग और उत्साह के पर्व होली को देखते हुए कवर्धा नगर के बाजार में सजने लगे रंग-गुलाल व पिचकारी की दुकाने, दुकानदारों का अच्छी ग्राहकी की उम्मीदें।

# लखोली रामनगर के सड़क में रेत-गिट्टी का ढेर, 3 हजार जुर्माना




**राजनांदगांव।** शासन निर्देश के अनुक्रम में प्लास्टिक मुक्त नगर की परिकल्पना को साकार करने प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित किए जाने तथा सड़क में बिल्डिंग मटेरियल व मलमा रखने पर मलमा मंडप के तहत कार्रवाई करने कलेटर व प्रशासक संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित टीम कार्रवाई कर रही है।

कार्रवाई की कड़ी में मंगलवार को नगर निगम का स्वास्थ्य अमला ने गंज चौक के बजाज प्लास्टिक व किराना दुकान तथा नंदई चौक के किराना दुकानों में दबिश दी और प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय करने पर 3 हजार रुपए का अर्थदंड वसूला। इसी प्रकार लखोली रामनगर में रेत- गिट्टी बिल्डिंग मटेरियल रखने पर संबंधित से 3 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के तहत मंगलवार को लखोली रामनगर में इंद्रकुमार देशलहरा द्वारा रेत, गिट्टी, ईंट मटेरियल रखने पर 3 हजार रुपए अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

कार्रवाई की कड़ी में मंगलवार को गंज चौक व नंदई चौक में दबिश देकर गंज चौक के बजाज प्लास्टिक से 5 सौ रुपए जुर्माना वसूला और 5 सौ ग्राम पालिथीन जब्त किया। इसी प्रकार आरके ट्रेडर्स से 5 सौ रुपए तथा नंदई चौक के भारत किराना स्टोर्स से 5 सौ रुपए, गणेश किराना स्टोर्स व मालू किराना स्टोर्स से 3-3 सौ रुपए, बालाजी किराना स्टोर्स व राधेश्याम किराना स्टोर्स से 2-2 सौ रुपए के अलावा झग्गू साहू गन्ना रस, दशरथ साहू, नरेन्द्र देवांगन व छोटेलाल साहू फल दुकान से 1-1 सौ रुपए जुर्माना वसूल कुल 2 हजार 9 सौ रुपए जुर्माना वसूले और सभी से लगभग 2 किलो झिल्ली पन्नी, प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास की जब्ती की गई।

## संगीत विवि में निराला पर कार्यक्रम

**खैरागढ़।** इन्दिरा कला संगीत विवि में हिन्दी विभाग द्वारा महाप्राण निराला के साहित्य पर बेस्ट प्रेक्टिस के तहत महाकबि निराला पर कार्यक्रम हुआ। हिन्दी के प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास द्वारा तर्पण कार्यक्रम तहत निराला के वृत चित्र का अवलोकन शोधार्थियों व विद्यार्थियों द्वारा किया गया। विवि के राजकुमारी उषा देवी ग्रंथालय में आयोजित साहित्यिक आयोजन में कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो मृदुला शुक्ल ने निराला रचित कहानियों और उपन्यासों की चर्चा करते हुए उन्होंने सरोज स्मृति को हिन्दी की नहीं अपितु भारतीय भाषाओं का प्रथम शोकगीत कहा। हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो राजन यादव ने निराला की प्रसिद्ध रचना वह तोड़ती पत्थर, संध्या सुंदरी, जूही की कली, राम की शक्ति पूजा इत्यादि का उल्लेख करते हुए कहा कि निराला 20 वीं सदी के महत्वपूर्ण कवि माने जाते हैं।




























सरल व सहज, राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं बड़े भैया माननीय
अभिषेक सिंह जी
को
जन्मदिन
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सज्जन ठाकुर
अध्यक्ष उ. मंडल (भाजयुमो)
प्रखर श्रीवास्तव
अध्यक्ष द. मंडल (भाजयुमो)
प्रवेश ठाकुर
अध्यक्ष डोंगरगांव (भाजयुमो)
जितेन्द्र साहू
अध्यक्ष ग्रामीण मंडल राज. (भाजयुमो)
सुमीत मिश्रा
अध्यक्ष डोंगरगढ़ (भाजयुमो)
भोज वर्मा
अध्यक्ष एलबी नगर (भाजयुमो)
मुकेश साहू
अध्यक्ष कुमर्दा (भाजयुमो)
ललित साहू
अध्यक्ष घुमका (भाजयुमो)
सोहन साहू
अध्यक्ष छुरिया (भाजयुमो)
राघवेन्द्र वर्मा
अध्यक्ष डोंगरगढ़ ग्रामीण (भाजयुमो)
डिकेश साहू
जिला महामंत्री, भाजयुमो
गोलू सूर्यवंशी
जिला महामंत्री, भाजयुमो
मोनू बहादुर सिंह
जिलाध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा, राजनांदगांव
जिला भाजपा युवा मोर्चा, राजनांदगांव


नगर पंचायत छुईखदान के नवनिर्वाचित अध्यक्ष
श्रीमती नम्रता गिरिराज वैष्णव जी
एवं पार्षदगणों का
शपथ ग्रहण समारोह
मुख्य अतिथि
माननीय श्री संतोष पाण्डेय जी
सांसद राजनांदगांव
अध्यक्षता
मान. श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा जी
विधायक खैरागढ़
दिनांक - 05 मार्च 2025, दिन - बुधवार, समय - प्रातः 11 बजे
स्थान - स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, इंडोर स्टेडियम छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई
आप सादर आमंत्रित हैं
नवनिर्वाचित पार्षदगण
प्रकाश महोबिया
पार्षद, वार्ड नं.-01
किरण निशांत वैष्णव
पार्षद, वार्ड नं.-02
पन्ना मंडावी
पार्षद, वार्ड नं.-03
उमाकांत महोबिया
पार्षद, वार्ड नं.-04
रुपबाला महोबिया
पार्षद, वार्ड नं.-05
निधी तिवारी
पार्षद, वार्ड नं.-06
शैव्या वैष्णव
पार्षद, वार्ड नं.-07
अनुभा संजय जैन
पार्षद, वार्ड नं.-08
पंचम राम साहू
पार्षद, वार्ड नं.-09
मनीष कोचर (मंटू)
पार्षद, वार्ड नं.-10
चंद्रेश कुंभकार
पार्षद, वार्ड नं.-11
धनेन्द्र देवांगन (घनाराम)
पार्षद, वार्ड नं.-12
महेश नारकर
पार्षद, वार्ड नं.-13
प्रेमसिंह पाल
पार्षद, वार्ड नं.-14
संजू सिंह नेताम
पार्षद, वार्ड नं.-15
श्रीमती नम्रता गिरिराज वैष्णव जी
नवनिर्वाचित अध्यक्ष, नगर पंचायत छुईखदान
विनीत : मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत छुईखदान